
वर्ष : 17 अंक: 17 | आगरा | गुरुवार 01 मई 2025 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक



आज का तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री



## अमूल ने दूध की कीमतें बढ़ाईं

**नई दिल्ली (ए.)।** अमूल ने दूध की कीमतें बढ़ाने का एलान किया है। अमूल के दुग्ध उत्पादों की नई दरें कल सुबह यानी एक मई से प्रभावी होंगी। अमूल ने बताया कि देशभर में दूध की कीमत में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी का फैसला लिया गया है। कि एक दिन पहले मदर डेयरी ने गर्मी के मौसम में बढ़ती लागत को देखते हुए दूध की कीमतों में बढ़ोतरी की है। कंपनी ने दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। कंपनी के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि कीमतों में यह संशोधन 30 अप्रैल 2025 से पूरे बाजार में लागू होगा। मदर डेयरी अपने स्टोर, अन्य दुकानों और ई-कॉमर्स मंचों के जरिये दिल्ली-एनसीआर के बाजार में प्रतिदिन लगभग 35 लाख लीटर दूध बेचती है। मदर डेयरी के अधिकारी ने कहा, खरीद लागत में हुई वृद्धि से निपटने के लिए कीमतों में संशोधन जरूरी हो गया है।

# बारिश से नरसिंह स्वामी मंदिर की दीवार गिरी

### 20 फीट लंबी दीवार गिरने से 7 श्रद्धालुओं की मौत, 4 घायल; जांच के आदेश

विशाखापट्टनम (ए.)।

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में मंगलवार रात श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर की दीवार का 20 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। मंदिर में चंदनोत्सव चल रहा था। यह हर साल मनाया जाता है। इसमें हजारों श्रद्धालु भगवान नरसिंह के दर्शन के लिए आते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, हादसा देर रात 2: 30 से 3: 00 बजे के बीच तेज बारिश के कारण हुआ। कलेक्टर हरेंद्र प्रसाद ने बताया कि NDRF और SDRF ने रेस्क्यू पूरा कर लिया है। राय की गृह और आपदा प्रबंधन मंत्री वंगलापुड़ी अनिता भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और हालात का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों के इलाज और राहत-बचाव में कोई कोताही न हो। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है। PM ने कहा, लोगों की मौत की खबर से बहुत दुखी हूं। यही कामना है, घायल जल्द ठीक हों। प्रधानमंत्री राहत कोष (PMNRF) से मृतकों के परिजनों को रू.2 लाख और घायलों को रू.50,000 की सहायता राशि दी जाएगी।



### चंदनोत्सव के चलते बड़ी संख्या में पहुंचे थे लोग

मंदिर में चंदनोत्सव चल रहा था। मान्यता है कि इस दौरान भगवान वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी अपने वास्तविक रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। भगवान के दर्शन के लिए मंगलवार रात बड़ी संख्या में भक्त सिंहगिरी पहुंचे थे। स्वामीजी को सुबह सेवा के साथ जगाया गया। इसके बाद भगवान के शरीर पर लगे चंदन को चांदी के चम्मच से हटाया गया। भगवान के लिए विशेष प्रार्थनाएं की गईं, जो अपने वास्तविक रूप में आ गए थे। मंदिर के वंशानुगत ट्रस्टी पुसापति अशोक गजपतिराजू और उनके परिवार के सदस्यों को पहला वास्तविक दर्शन कराया गया और उन्होंने भगवान को पहला चंदन अर्पित किया। बाद में राजस्व मंत्री अंगनी सत्य प्रसाद ने राय सरकार की ओर से रेशमी वस्त्र भेंट किए। इसके बाद प्रोटोकॉल और आंतरिक मंदिर दर्शन की व्यवस्था सुबह 3 बजे से 6 बजे तक की गई थी। इसी दौरान यह हादसा हुआ।

## वीजा रद्द होने के बाद 786 पाकिस्तानियों ने छोड़ा भारत

**नई दिल्ली (ए.)।** पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर जारी सरकारी आदेश के बाद पिछले छह दिनों में 55 राजनयिकों, उनके आश्रितों और सहायक कर्मचारियों सहित 786 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा के जरिए भारत छोड़ चुके हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान के वीजा पर भारत में रह रहे आठ भारतीय नागरिक हाल ही में पाकिस्तान लौट गए हैं। इसके साथ ही, 24 अप्रैल से अब तक पंजाब की अंतरराष्ट्रीय सीमा से होते हुए कुल 1,465 भारतीय नागरिक भारत लौटे हैं, जिनमें 25 लोग राजनयिक या सरकारी अधिकारी हैं। वहीं, 151 पाकिस्तानी नागरिक जो लंबे समय तक भारत में रहने का वीजा रखते हैं, वे भी भारत आए हैं।सरकार ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के बाद, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी (ज्यादातर पर्यटक थे), कई पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का नोटिस जारी किया था।दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) वीजा रखने वालों के लिए भारत छोड़ने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल थी, जबकि मेडिकल वीजा धारकों को 29 अप्रैल तक देश छोड़ना था।

# पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियां खाली की

### पाकिस्तानी झंडे हटाए | सीजफायर तोड़ने पर भारत ने पाकिस्तान को चेतावनी दी

नई दिल्ली (ए.)।

पहलगाम हमले के 8 दिन बाद बुधवार को पाकिस्तानी सेना ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर कई पोस्ट खाली कर दी हैं। पाकिस्तानी सेना ने इन पोस्ट से झंडे भी हटा लिए हैं। कठुआ के पर्गवाल इलाके में ये पोस्ट खाली की गई हैं।

पाकिस्तानी सेना स्पष्ट पर लगातार सीजफायर वॉयलेशन कर रही है। पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को पहली बार इंटरनेशनल बॉर्डर पर भी सीजफायर तोड़ा। जिसका भारतीय सेना ने तुरंत जवाब दिया। भारत और पाकिस्तान के मिलिट्री ऑपरेशन के महानिदेशकों ने हॉटलाइन पर बातचीत की और पाकिस्तान द्वारा बिना उकसावे के संघर्ष विराम उल्लंघन पर चर्चा की। भारत ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के किए जा रहे संघर्ष विराम उल्लंघन के खिलाफ पाकिस्तान को चेतावनी दी। इस बीच, केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का नए सिरे से गठन किया है। पूर्व रॉ चीफ आलोक जोशी को इसका चेयरमैन बनाया गया है। प्रधानमंत्री आवास पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी (CCS) बैठक खत्म हो गई है। CCS की यह दूसरी मीटिंग है, पहली मीटिंग पहलगाम अटैक के अगले दिन 23 अप्रैल को हुई थी।



### कमेटी और केंद्रीय कैबिनेट की बैठक होगी

राहुल ने कहा, मैं आज कानपुर गया। मैंने पहलगाम हमले के विक्टिम से बात की। उन्हें बुरी तरह से मारा गया। मैं इस पर कमेंट नहीं करना चाहता हूं कि ये कैसे हुआ, क्यों हुआ? मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि जिन लोगों ने किया, वे जहां भी हैं, उन्हें भुगतना होगा। और पूरी तरह से सजा देनी होगी। उन्हें आलतू-फालतू तरीके से नहीं बल्कि पूरी तरह से सजा देनी होगी। ताकि उन्हें याद रहे कि हिंदुस्तान के साथ ऐसा नहीं किया जा सकता। हमने क्लीयर लाइन दी है कि जो हुआ है वह स्वीकार नहीं है। पूरा-पूरा विपक्ष 100त्न समर्थन दे रहा है। नरेंद्र मोदी को एक्शन लेना होगा और वह भी सख्त। सरकार को समय बर्बाद नहीं करना चाहिए।



## राजस्थान-यूपी समेत 8 राज्यों में हीटवेव अलर्ट-40 डिग्री पार जा सकता है टेम्परेचर

### पूर्वोत्तर के 8 राज्यों में आज भारी बारिश की चेतावनी

जयपुर (ए.)।

मौसम विभाग ने अरुणाचल, सिक्किम समेत पूर्वोत्तर के 8 राज्यों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड समेत 10 राज्यों में ओले गिरने की संभावना जताई है। मौसम के इस बदलाव से इन राज्यों में पड़ रही तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, यूपी, मध्यप्रदेश, गुजरात में अगले 4 दिन तक हीट वेव और गर्मी का असर कम नहीं होने वाला है।

ओडिशा के झारसुगुड़ा और बौध, महाराष्ट्र के परभणी, उत्तर प्रदेश के कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, हमीरपुर और गाजीपुर, बिहार के गया, औरंगाबाद और देहरी में पारा 44 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के 16 शहरों में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


### मणिपुर के 21 विधायकों ने अमित शाह को लेटर लेखा

## राज्य में शांति बहाली की मांग की; कांग्रेस बोली- विधायकों ने सरकार बनाने नियम तोड़े

इंफाल (ए.)।

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद राय में शांति की बहाली के लिए, राय के 21 विधायकों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेटर लिखा। इसमें लिखा गया कि राय में वो सरकार हो जिसका चुनाव जनता करे।

लेटर पर 13 भाजपा विधायकों, 3 एनपीपी विधायकों, 3 नगा पीपुल्स फ्रंट विधायकों और विधानसभा के दो सदस्यों ने साइन किए हैं। इसमें कहा गया कि मणिपुर के लोगों ने बहुत उम्मीद और अपेक्षा के साथ राष्ट्रपति शासन को स्वीकार किया। हालांकि, तीन महीने होने जा रहे हैं, लेकिन अभी तक शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं देखी गई है। राय में फिर से हिंसा हो सकती हैराय के लोगों का मानना है कि हिंसा फिर से हो सकती है। कई नागरिक संगठन राष्ट्रपति शासन लागू करने के खिलाफ खुलकर सामने आए हैं और एक लोकप्रिय सरकार की स्थापना की मांग कर रहे हैं।



एक विधायक ने बताया कि यह लेटर गृह मंत्रालय को 29 अप्रैल को मिला था और बुधवार को सामने आया। विधायकों ने यह भी कहा, 'हमें लगता है कि मणिपुर में शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए ऐसी सरकार की स्थापना की जाए जिसे लोग पसंद करें, यही एकमात्र उपाय है। उन्होंने गृह मंत्री से अनुरोध किया कि मणिपुर के लोगों के हित में जल्द से जल्द लोकप्रिय सरकार स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। हम आपको आश्वासन देते हैं कि लोकप्रिय सरकार की स्थापना के बाद हम शांति और सामान्य स्थिति लाने के लिए पूरी लगन और निष्ठा से काम करेंगे। हालांकि, मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशम मेघचंद्र सिंह ने रायपाल को दरकिनार कर केंद्र को पत्र लिखने के लिए 21 विधायकों की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि इन विधायकों ने राय में सरकार बनाने के लिए नियम-कानून को दरकिनार कर दिया, जो वर्तमान में राष्ट्रपति शासन के अधीन है। मेघचंद्र ने X पर एक पोस्ट में लिखा, 'इन विधायकों को नई सरकार के गठन का दावा करने के लिए इंफाल में राजभवन जाना चाहिए था।



## बंगाल के दीघा में बना पुरी जैसा जगन्नाथ मंदिर -20 एकड़ में फैला

**दीघा (ए.)।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर के दीघा में बने जगन्नाथ मंदिर का आज उद्घाटन हुआ। मंदिर में देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी यज्ञ-हवन और पूजा के लिए मंगलवार को ही दीघा पहुंच गई थीं। उद्घाटन के बाद लेजर शो और डायनेमिक लाइट शो रखा गया। मंदिर के उद्घाटन के लिए पहले दीघा की सड़कों को रोशनी से सजाया गया। दीवारों को नीले और सफेद रंग से रंगा गया। ओडिशा के पुरी में बने 12वीं सदी के मंदिर की तर्ज पर बने इस जगन्नाथ मंदिर का निर्माण करीब 20 एकड़ में किया गया है। इसके लिए राजस्थान के बंसी पहाड़पुर से लाल बलुआ पत्थर मंगाए गए थे। मंदिर से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन होने वाली पूजा के दौरान कई अनुष्ठान होंगे। अनुष्ठान के लिए विभिन्न तीर्थ स्थलों से पवित्र जल पहले ही मंदिर में लाया जा चुका है। महायज्ञ में करीब 100 क्विंटल आम काठ (आम की लकड़ी) और बेल काठ (बिल्व की लकड़ी) तथा दो क्विंटल घी का इस्तेमाल किया गया। बंगाल सरकार मंदिर के उद्घाटन के बाद सालाना रथ यात्रा

## पीओके को वापस ले सरकार, मच्छर नहीं, ब्रीडिंग सेंटर पर हो हमला; आप की मांग

नई दिल्ली (ए.)।

पहलगाम हमले के बाद पूरे देश में गुस्सा बरकरार है। आम नागरिक से लेकर देश के राजनीतिक दल भी अब पाकिस्तान की आतंकी हरकतों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि यही सही समय है जब केंद्र सरकार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को अपने कब्जे में ले लेना चाहिए। पाकिस्तान के सबसे ज्यादा आतंकी बेस कैंप भी इसी इलाके में हैं। पार्टी ने कहा है कि अब केवल छोटे-मोटे हमले करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि सरकार को आतंकियों को पैदा करने वाले सेंटरों पर हमला करना पड़ेगा जिससे इस परेशानी का हमेशा के लिए खात्मा किया जा सके। जम्मू-कश्मीर 2.22 लाख वर्ग किलोमीटर का एरिया था। इसमें से करीब 1.06 लाख वर्ग किलोमीटर का एरिया भारत के पास है और 72 हजार वर्ग किलोमीटर से ज्यादा भारत का कश्मीर पाकिस्तान के पास है। लेकिन पाकिस्तान ने इस जमीन को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करने के लिए यहां पर आतंकी ट्रेनिंग सेंटर बना दिए हैं।



## अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में 2.5 वर्षों में 50 सफल हृदय प्रत्यारोपण किए गए

अहमदाबाद (ए.)।

शहर के सिविल मेडिसिटी स्थित यू.एन. मेहता अस्पताल ने मात्र 2.5 वर्ष की छोटी सी अवधि में 50 सफल हृदय प्रत्यारोपण किए हैं। यह जानकारी देते हुए डॉ. चिराग दोशी ने कहा कि हृदय प्रत्यारोपण की असाधारण यात्रा की शुरुआत केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोग से अहमदाबाद के प्रसिद्ध अस्पताल यू. एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर (यूएनएमआईसीआरसी) द्वारा हृदय प्रत्यारोपण की असाधारण यात्रा की शुरुआत सितंबर-2022 में अपनी पहली सफल हृदय प्रत्यारोपण सर्जरी की ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ हुई। तब से, इस संगठन ने अदम्य आशा, अथक परिश्रम और समर्पण के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हम स्वास्थ्य सेवा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता तथा हमारे मरीजों के जीवन पर इसके गहन प्रभाव के लिए आभारी हैं। हमारे संगठन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वस्थ भारत अभियान को पूरा करके महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। डॉ. चिराग दोशी ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि सरकार के सहयोग से 50 मरीजों को सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण कर नया जीवन दिया गया है। इनमें 37 पुरुष, 11 महिला और 2 बाल रोगी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यहां गुजरात सहित विभिन्न राज्यों और पड़ोसी राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र से मरीज आते हैं। मरीज अहमदाबाद, गांधीनगर, राजकोट, सूरत, वडोदरा, भावनगर और गुजरात के अन्य शहरों से आते हैं। जो हमारे उत्कृष्ट संस्थान पर उनके विश्वास को दर्शाता है। उल्लेखनीय बात यह है कि विश्व भर में हृदय प्रत्यारोपण के रोगियों की एक वर्ष की जीवित रहने की दर लगभग 90त्न है। यू.एन. मेहता अस्पताल में यह दर 92त्न तक रही है। संयुक्त राष्ट्र राष्ट्रीय स्तर पर राज्य सरकार की सहायता से अल्प समय में 50 हृदय प्रत्यारोपण पूरा करने वाला सबसे तेज संस्थान भी है। एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर (यूएनएमआईसीआरसी)। जो हृदय देखभाल में उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है।

# कपास उत्पादक किसानों को मिलेगा पीएम मित्र पार्क से लाभ, 3 लाख रोजगार होंगे सृजित : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना में 27 हजार से अधिक हितग्राहियों को 600 करोड़ रुपए किए अंतरित

**भोपाल (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान), और नारी सशक्तिकरण के लिए 4 मिशन लॉन्च किए हैं। हितग्राहियों को कई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधा लाभ दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र से राज्य सरकार प्रदेश को समृद्ध और सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। युवाओं को रोजगार, लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता, गरीब जरूरतमंदों के निश्शुल्क उपचार की व्यवस्था है।



जनजातीय क्षेत्रों सहित प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं का जाल बिछाया है। हमारा लक्ष्य प्रत्येक खेत तक पानी पहुंचाकर प्रदेश के सिंचित रकबे को 55 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 1 लाख हेक्टेयर करना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसके लिए केन-बेतवा लिंक और पार्वती-चंबल-कालीसिंध लिंक परियोजनाओं की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि धार को पीएम मित्र पार्क की सौगात केन्द्र से मिली है। यहां 2100 करोड़ से औद्योगिक पार्क आकार लेगा और लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। धार अंचल के किसान कपास की खेती करेंगे तो उन्हें भी अधिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को धार के उमरबन में आयोजित सामूहिक विवाह एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य श्री सुमेर सिंह सोलंकी, विधायक श्री हीरालाल अलावा, विधायक श्री कालू सिंह ठाकुर ,श्रीमती रंजना बघेल, श्री चंचल पाटीदार, श्री सरदार सिंह सहित बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।

# गरीब बेटियों की शादी में मददः समाजसेवी ने दिए 11 हजार रुपए और बर्तन, 8 मई को होगी शादी

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** किरावली तहसील के गांव घड़ी जिंदपुरा के प्रधान और समाजसेवी राजवीर सिंह चाहर ने गांव अखवाई की बघेल समाज की एक विधवा महिला की दो बेटियों की शादी में मदद की है। उन्होंने 8 मई को होने वाली शादी के लिए 11 हजार रुपए और 51 51 बर्तन की आर्थिक सहायता दी है। विधवा महिला ने बताया कि बेटियों की शादी के लिए उनके पास कोई इंतजाम नहीं था। राजवीर सिंह पिछले कई वर्षो से ऐसा नेक काम करते आ रहे हैं। वे हट साल 2 से 4 गरीब बेटियों की शादी की जिम्मेदारी उठाते हैं। राजवीर सिंह का कहना है कि जरूरतमंद और बेसहारा लोगों की मदद करने से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं है। किसी का सहारा बनकर उन्हें बेहद खुशी मिलती है। उनकी इस पहल से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया है। यह मदद समाज में सामाजिक एकजुटता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने का उदाहरण बन गई है। इस अवसर पर केदार सिंह प्रधान, रामगोपाल, श्रीकृष्ण, रामकेश और राहुल भी मौजूद रहे।

# नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना इरादतनगर पुलिस टीम द्वारा नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया हैं। 29 अप्रैल को एक व्यक्ति द्वारा थाना इरादतनगर पर तहरीर दी गयी कि 28 अप्रैल की रात्रि करीब 02 बजे उसकी पुत्री अपने कमरे में सो रही थी तभी उसका पड़ोसी श्याम पुत्र रामवीर कुशवाह उसके घर में आ गया और पीड़ित की पुत्री के कमरे में जाकर दरवाजा बंद करके उसकी पुत्री के साथ जबरदस्ती यौन सम्बन्ध बनाने लगा। जब पीड़ित खेत से आया तो उसने दरवाजा खटखटाया तो श्याम निकल कर भाग गया। इस मामले में थाना इरादतनगर पर धारा 64(1) बीएनएस, 3/4 पोक्सो एक्ट व 3(2)(बी) एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।बुधवार को थाना इरादतनगर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान चैकिग पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त को ग्वालियर हाइवे कुर्रा मोड़ के पास खडा है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त श्याम पुत्र रामबीर कुशवाह निवासी ग्राम गुलवापुरा थाना इरादतनगर को ग्वालियर हाइवे कुर्रा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक इरादतनगर भूपेन्द्र सिंह बालियान निरीक्षक अपराध श्री सतेन्द्र पाल एसआई कुलदीप सिंह प्रशिक्षु एसआई अजय वर्मा हैड कास्टेबल सुदीप शुक्ला शामिल रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर दिया विशेष बल, 70 प्लस 23689 लोगों के गोल्डन कार्ड बनाकर जिले को प्रदेश में मिला 12वां स्थान



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुभांशु कटियार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नीरज त्यागी, सभी सीएमएस, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में सक्रिय सहयोग न करने पर डीपीआरओ को प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि 30 अप्रैल को दस्तक एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान समाप्त हो गया है लेकिन अभियान के तहत जारी गतिविधियां अन्तर्विभागीय समन्वय से अनवरत जारी रहेंगीं। डीएम ने जिले में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना, मिशन इन्द्रधनुष, टीकाकरण कार्यक्रम एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। जिलाधिकारी ने सरकारी अस्पतालों की स्वच्छता, चिकित्सकों की उपस्थिति, दवा की उपलब्धता, उपकरणों की कार्यशीलता एवं स्वास्थ्य कर्मियों के आचरण को प्राथमिकता से सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर सेवा मिले, इसके लिए समयबद्ध और जवाबदेही व्यवस्था जरूरी है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को समय से भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अब तक 70 प्लस 23689 लोगों के गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं जोकि प्रदेश में 12 वां स्थान है जबकि योजनान्तर्गत 172505 लोगों को उपचारित कर जिले को प्रदेश में 11 वां स्थान मिला है। बैठक में आरोग्य मेला, परिवार नियोजन, क्षय रोग उन्मूलन, मलेरिया नियंत्रण एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। डीएम ने ई-कवच पोर्टल पर जिले के सभी 30 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के व्यक्तियों का पंजीकरण कराने के लिए ग्रामवार शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे समर्पित भाव से कार्य करें और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु फील्ड विजिट कर वास्तविक स्थिति का आंकलन करें।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

## चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधारात्मक कार्य कराते हुए समाप्त किया जाए, लोनिवि, नगर निगम एवं संबंधित विभाग संयुक्त रूप से रामघाट रोड को एक्सीडेंट प्रोन एरिया बनाने के लिए करें प्रभावी कार्यवाही



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहुत की गई। सर्वप्रथम जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में बताया गया कि माह मार्च में 103 सड़क दुर्घटनाएं हुईं जिनमें मृतकों की संख्या 45 है, जबकि विगत वर्ष मार्च में 97 दुर्घटनाएं हुई थीं जिनमें 52 लोगों की मृत्यु हुई थी। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी सड़क दुर्घटनाओं का ऑडिट कराते हुए घटनाओं की वजह बताते हुए समाधान प्रस्तुत करें साथ ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर विचार-विमर्श करते हुए समाप्त करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं रोकना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है। एक व्यक्ति की अचानक मृत्यु हो जाने पर उसका प्रभाव केवल परिवार पर ही नहीं अपितु समाज पर भी पड़ता है, इसलिए सभी अधिकारी सड़क सुरक्षा के मामलों में पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह यह सुनिश्चित करें कि हाईवे पर कोई भी अवैध कट न हो, ऐसे सभी अवैध कटों को तत्काल बन्द कराया जाये। उन्होंने कहा कि ऐसे मार्ग जो गांव से हाईवे पर आकर मिलते हैं, उन पर टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर अवश्य लगा हो। डीएम ने आगामी माह में लोक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं अन्य स्टेक होल्डर विभागों को संयुक्त रूप से रामघाट रोड को एक्सीडेंट प्रोन एरिया बनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। यातायात निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि ओवर स्पीडिंग के 3869, बिना हैलमेट के 26585 दुपहिया वाहनों, बिना शीट बैल्ट के 2002, रैड लाइट जंपिंग के 7914, रांग साइड 1199, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने पर 932 वाहनों के विरूद्ध चालान की कार्यवाही की गई है। बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एआरटीओ प्रवेश कुमार, पीटीओ ज्योति सिंह, मथुरा प्रसाद, अधिशासी अभियंता लोनिवि योगेश कुमार, संजीव पुष्कर, पीडी एनएचएआई इंद्रेश कुमार, सलाहकार अरूण श्रीवास्तव, एआरएम राकेश कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसीएम प्रथम सिद्ध दोष बन्दी वारिस अली की मृत्यु की करेंगे मस्जिस्ट्रीयल जाँच, मजिस्ट्रियल जाँच में 6 मई तक साक्ष्य प्रस्तुत करें

**अलीगढ़।** सिद्ध दोष बन्दी वारिस अली पुत्र आसिफ अली आयु लगभग 65 वर्ष निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना जवाँ जिला अलीगढ की मृत्यु की घटना प्रकाश में आयी है। उक्त घटना के कारणों की पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व निर्धारण करने के लिए मजिस्ट्रीयल जाँच कराई जा रही है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार घटनाक्रम के कारणों के सबंध में विस्तृत जाँच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम अनिल कुमार कटियार को जाँच अधिकारी नामित किया गया है। अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम अनिल कुमार कटियार ने बताया है कि उक्त घटना के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 06 मई 2025 तक किसी भी कार्यदिवस व कार्यालय समय प्रातः 10.00 बजे से सांय 5.00 बजे तक नवीन भवन कमरा नं0-39 कलेक्ट्रेट, अलीगढ़ में उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# मैट्रो एक स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन विकल्पः डा0 मीना राघव

## जिम कार्बेट पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया आगरा मेट्रो में शैक्षिक भ्रमण



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** गैलाना रोड स्थित जिम कार्बेट पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आगरा मेट्रो का शैक्षिक भ्रमण किया। छात्रों ने मनकामेश्वर स्टेशन से फतेहाबाद रोड़ स्टेशन तक भ्रमण करते हुए आगरा मेट्रों के अधिकारियों द्वारा मेट्रो रेल की सुविधाजनक यात्रा के लिए मेट्रो की विशेषताओं से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने ताजमहल, लालकिला जैसी खूबसूरत इमारतों का दीदार किया द्य आगरा मेट्रों के डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह, कुमार वैभव, उज्ज्वल तोमर ने छात्रों को भ्रमण के दौरान आगरा मेट्रों की विशेषताओं के विषय में बताया एवं विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन कराया। छात्रों के विद्यालय पहुंचने पर जिम कार्बेट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की डायरेक्टर डा. मीना सिंह राघव ने छात्रों को मैट्रो की विशेषताएं बताते हुए नागरिकों के लिए स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन विकल्प बताया। विद्यार्थियों ने मैट्रो परियोजना की जमकर तारीफ की एवं रेल यात्रा को बहुत ही उच्चकोटी सुखद अनुभव बताया। वहीं डायरेक्टर मीना सिंह राघव ने भ्रमण प्रभारी उप प्रधानाचार्य दीपक धाकरे, प्रीति यादव रहे।

# प्रभारी अधिकारी आपदा मीनू राणा ने हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रहने के बताए उपाय

## मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान में 01, 02 व 03 मई को लू चलने की संभावना

**अलीगढ़।** भीषण गर्मी की वजह से जनमानस का जीना मुहाल हो गया है। गर्म हवाओं के मध्य गर्मी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। बढ़ते तापमान व गर्मी के कारण लोगों में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ता जा रहा है। चिकित्सक लोगों को हीट स्ट्रोक यानी लू की चपेट में आने की आशंका जता रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रभारी अधिकारी आपदा एवं एडीएम वित्त मीनू राणा ने बताया कि कुछ सामान्य से एहतियात के साथ हीट स्ट्रोक से सुरक्षा की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार 01 मई को तापमान 40 से 50 डिग्री के मध्य रहने का पूर्वानुमान है। वहीं 02 एवं 03 मई को कहीं-कहीं तापमान 50 से 60 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहने का पूर्वानुमान है। दैवीय आपदा प्रभारी और एडीएम वित्त मीनू राणा ने हीट स्ट्रोक यानी लू के प्रभाव और कार्रवाई के बारे में सुझाव देते हुए बताया है कि आम जनता के लिए गर्मी सहनीय है, लेकिन कमजोर लोगों, जैसे शिशु, पुरानी बीमारी वाले बुजुर्ग लोगों के लिए स्वास्थ्य चिंता का विषय है। उच्च तापमान से उन लोगों में गर्मी की बीमारी के लक्षणों की संभावना बढ़ जाती है जो या तो लम्बे समय तक सूरज के संपर्क में रहते हैं या भारी काम करते हैं, जैसे औद्योगिक श्रमिक, खनन श्रमिक, मजदूर, किसान और पशुधन। उन्होंने बताया है कि दिन में 11 से 3 बजे के व्यस्त घंटों के दौरान गर्मी में ऐंठन, घमौरियां होने की संभावना है। उन्होंने सुरक्षात्मक सुझाव देते हुए बताया है कि विशेष रूप से दोपहर के समय लम्बे समय तक गर्मी के संपर्क में आने से बचें। हल्के, ढीले, हल्के रंग के, शरीर को ढकने वाले पूरे सूती कपड़े पहनें। सिर ढकें, बहार निकलते समय कपड़े, टोपी या छाते का प्रयोग करें। खुद को हाईड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर में बने पेय जैसे लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ का उपयोग करें। निर्जलीकरण से बचने के लिए पर्याप्त पानी पिएं। कठिन कार्यों को दिन के ठंडे समय में करें। श्रमिक सीधी धूप से बचें। बाहर गतिविधियों के मध्य अंतराल रखें। गर्भवती और चिकित्सीय स्थिति वाले श्रमिक अपना विशेष ध्यान रखें। हीट स्ट्रोक, होट रैश या हीट ऐंठन जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, पसीना और दौरे के लक्षणों को पहचानें। यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर या अस्पताल में दिखाएं। उन्होंने किसान भाईयों को सलाह दी कि वह गन्ना, ग्रीष्मकालीन मक्का, दलहन और अन्य फसल और सब्जियों में सिंचाई गतिविधियों को जारी रखें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं और उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें। पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें।


**उत्तर मध्य रेलवे**

संख्या म.रे.प्र./वा./आगरा/खा.पा./ई-नीलामी/25 दिनांक 28.04.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिये **वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उ.म.रे.-आगरा** द्वारा आगरा मण्डल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म पर 51 खानपान स्टॉल को लगाने एवं पाँच वर्ष तक संचालन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

**Category:** Catering Stalls **Auction Catalogue No.:** Catg.-AGRA-25-31

| Name of Station | Category | Station Code | Total No. of Stalls |
|---|---|---|---|
| मथुरा जं. | A-1 | MTJ | 05 |
| कोसीकलां | D | KSV | 03 |
| मण्डावर महुआ रोड | D | MURD | 04 |
| होडल | D | HDL | 03 |
| अछनेरा जं. | D | AH | 03 |
| नदबई | D | NBI | 03 |
| खेड़ली | D | KL | 01 |
| भूतेश्वर | D | BTSR | 01 |
| वृन्दावन रोड | E | VRBD | 01 |
| शमशाबाद टाउन | E | SSDT | 01 |
| शोलाका | E | SHLK | 01 |
| फतेहाबाद | E | FAB | 01 |
| भाँडई जं. | E | BHA | 01 |
| रामगढ़ | E | RAH | 01 |
| छाता | E | CHJ | 01 |
| गोविन्दगढ़ | E | GVH | 01 |

**Auction Starting Time:** Date- **15.05.2025** Time **11.00** hrs.

**Category:** Catering Stalls **Auction Catalogue No.:** Catg.-AGRA-25-20

| Name of Station | Category | Station Code | Total No. of Stalls |
|---|---|---|---|
| धौलपुर जं. | B | DHO | 01 |
| ईदगाह जं. | E | IDH | 01 |
| रायभा | E | RAI | 01 |
| परखम | E | PRK | 01 |
| पंपरेरा | E | PPEA | 01 |
| कुबेरपुर | E | KBP | 01 |
| करनपुरा | E | KPO | 01 |
| जाजऊ | E | JJ | 01 |
| हेलक | E | HK | 01 |
| घोसराना | E | GOS | 01 |
| बिचपुरी | E | BCP | 01 |
| बंशीपहाड़पुर | E | BIQ | 01 |
| बन्द बरैठा | E | BR | 01 |
| बाद | E | BAD | 01 |
| कीथम | E | KXM | 01 |
| किरावली | E | KLB | 01 |
| यमुना ब्रिज | E | JAB | 01 |
| ब्रिजनगर | E | BINR | 01 |
| अझई | E | AJH | 01 |
| रूँधी | E | RDE | 01 |

**Auction Starting Time:** Date- **16.05.2025** Time **11.00** hrs.

**नोटः** इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई-नीलामी सम्बन्धित अधिक जानकारी एवं निविदा हेतु IREPS website **(www.ireps.gov.in)** के e-Auction Leasing Module पर जाकर बोली लगा सकते हैं। **735/25 FA**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# कुंडा एक ऐसी तहसील है जिसका प्रत्येक तिनका काला है : विश्व नाथ त्रिपाठी

**प्रतापगढ़।** वैसे तो यह जिला राजा महाराजाओं का कहा जाता है ।स्वतंत्रता के पूर्व इस छोटे से जिले में तीन बड़ी रियासतें थीं जिसमें कुंडा की काला कांकर, प्रतापगढ़ और पट्टी ।इन तीनों राजाओं की तूती बोला करती थी ।इनके अंदर की रियासतें भी अच्छी थी जिसमें ढ़िंगवस और भदरी का अच्छा नाम था ।बाद में प्रतापगढ़ जिला बना और स्वतंत्रता का राज कायम हुआ ।स्वतंत्र भारत की रचना में भ्रष्टाचार का कोई स्थान नहीं था लेकिन समय के साथ सत्ता में बैठे लोगों का मन डोला और रिश्वत का आलम शुरू हुआ । कांग्रेस पार्टी धीरे धीरे भ्रष्टाचार में जब आकंठ डूबे गयी तो अधिकारियों का मनोबल बढ़ा और आज पूरादेश भ्रष्टाचार में डूबे चुकी है लेकिन उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के भ्रष्टाचार की कहानी योगी जी का राज होने के बाद भी अंत हींन हो चुकी है। सामान्य मानव को शिक्षा, सुरक्षा,और स्थानीय विकास के साथ स्वास्थ्य के व्यवस्था की मुख्य आवश्यकता समझी जाती है लेकिन उपरोक्त सभी आवश्यक व्यवस्थाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। सबसे पहले हम शिक्षा की ओर दृष्टिपात करेंगे जहां सरकारी से निजी विद्यालयों तक केवल लूट का ही साम्राज्य स्थापित है ।सरकारी शिक्षा व्यवस्था प्राथमिक से डिग्री तक शोषण का मुख्य विंदु बन चुका है। प्राथमिक विद्यालयों के अधिकांश शिक्षक दूरदराज से विद्यालय आते हैं यहां तक कि कुछ तो एक सौ किलोमीटर तक रेल, बस व स्कूटी निजी कार आदि से भी आया करते हैं ।

# रिश्ते हुए कलंकित भाई ने की भाई की हत्या

## आनंद फानन में कर दिया मृतक का दाह संस्कार, पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस, अवशेष फॉरेंसिक टीम को जांच को भेजें

**फतेहपुर सिकरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम दुलारा में रिश्तों ने रिश्तों का ही खून कर दिया । कहते हैं भाई भाई की भुजा होती है लेकिन एक भाई ने संपति व पारिवारिक कलह में दूसरे भाई की धारदार हथियार से हत्या कर दी परिजन उसे उपचार के लिए भरतपुर लेकर दौड़े लेकिन रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया, आरोप है परिजनों ने आनन फानन में बिटोरे में रखकर युवक का दाह संस्कार कर दिया । समूचे क्षेत्र में भाई की हत्या की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई पुलिस को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बुझी हुई चिता से अवशेष निकालकर फोरेंसिक टीम को जांच को भेजे हैं । युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है । घटना विगत दिवस शाम 9−30 बजे करीब की है मृतक रनवीर सिंह उर्फ कल्ला उम्र 25 वर्ष कीअपने सगे भाई रंजीत सिंह उर्फ नहना से संपत्ति व घरेलू विवाद में लड़ाई हुई झगड़ा इतना बढ़ गया कि बड़े भाई रंजीत सिंह ने घर में रखे धारदार बांक से रणवीर की गर्दन पर प्रहार किया जिससे वह लघु लुहान होकर घर में गिर पड़ा । जानकारी होने पर परिजन उसे उपचार के लिए भरतपुर लेकर दौड़े जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई , इंसानियत को शर्मसार करते हुए परिजनों ने आनन फ़ानन में रात्री में 11 बजे करीब बिटोरे में रखकर आग लगाकर दाह संस्कार कर दिया। प्रातः घटना की जानकारी गाँव जंगल में आपकी तरह फैल गई सूचना के बाद मौके पर एसीपी गौरव सिंह ,थाना प्रभारी धर्मेंद्र दहिया , क्राइम इंस्पेक्टर अरविंद तोमर पुलिस बल के साथ गांव में पहुंच गए और घटना के बारे में पूरी जानकारी लेते हुए साक्ष्य जूटाए। दाह संस्कार स्थल से पुलिस ने अवशेष निकालकर फोरेंसिक टीम को जांच के लिए भेजे हैं ।

**मृतक तीन भाई एक बहिन**

ग्राम दुलारा निवासी हरिभान सिंह एक प्राइवेट क्लीनिक पर काम करते है , हरिभान सिंह के तीन पुत्र है जिनमें मृतक रनवीर सिंह बड़ा रंजीत सिंह छोटा मनोज कुमार व एक बहिन है । मृतक रनवीर सिंह की शादी नहीं हुई है वह टेंपो चलाता था ,बड़े भाई रणजीत सिंह की शादी हुई है छोटा मनोज अपनी बहन के पास रहकर पढ़ाई कर रहा है । मृतक के ताऊ रामवीर सिंह गांव के पूर्व में प्रधान रहे हैं ।



# जिला मजिस्ट्रेट ने गांधी आई नेत्र चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## डीएम ने मानवता की सच्ची सेवा को बताया सबसे बड़ा धर्म



**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने बुधवार को ट्रस्ट द्वारा संचालित गांधी आई नेत्र चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सीय सेवाओं, उपकरणों एवं मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इससे पूर्व डीएम ने नेत्र चिकित्सालय के संस्थापक डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल की पुण्यतिथि पर परिसर में स्थापित स्टैच्यू पर माल्यार्पण भी किया। जिला मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण के उपरांत चिकित्सालय में योगदान दे रहे ट्रस्टीगण, नेत्र चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि वे सभी मानवता की सच्ची सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दृष्टिहीनता से पीड़ित व्यक्तियों को रोशनी देना एक पुण्य कार्य है और ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि चिकित्सालय की साफ-सफाई, मरीजों के साथ व्यवहार एवं निःशुल्क सेवाएं अत्यंत सराहनीय हैं। जिला प्रशासन ऐसे समाजसेवी कार्यों में हर संभव सहयोग करेगा। डीएम ने इस दौरान मरीज असलम, डी0के0 वर्मा एवं कुछ अन्य तीमारदारों से भी बात की। डॉ0 अमित कुमार गुप्ता द्वारा संचालित स्वच्छ शाकाहारी भोजनालय में व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए नकवी ब्लॉक के सम्मुख पौधरोपण भी किया। मधुप लहरी ने बताया कि गांधी आई नेत्र चिकित्सालय की स्थापना 1928 में डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल द्वारा की गई। पद्मश्री डॉ0 मोहनलाल अग्रवाल का जन्म 1905 में हुआ और अल्प आयु में सन 1962 में वह हम सभी को छोड़कर परमात्मा में विलीन हो गए। उन्होंने डीएम को आज़ादी से पूर्व की विजटर बुक भी दिखाई। मधुप लहरी ने चिकित्सालय की बेहतरी के लिए कुछ आवश्यकताओं, समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए चिकित्सालय परिसर के पीछे हो रहे जलभराव वाली जमीन का चिकित्सालय हित में सदुपयोग करने का भी अनुरोध किया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**पत्र सं.:** मथुरा/क.वि./प्रेस विज्ञप्ति **दिनांकः** 25.04.2025

**गैर हाजिरी सूचना**

**श्री अमित चंदेल** पुत्र स्व. श्री रामप्रसाद चंदेल स्थायी निवासी स्थान- मकान न. 2113, बहादुरपुरा, निकट डेम्पियर रोड, मथुरा (उ.प्र.) पिन- 281001, जो कि विद्युत टीआरडी विभाग में सहायक (टीआरडी) के पद पर विद्युत टीआरडी डिपो, रामगढ़ में सहायक मंडल इंजी/टीआरडी/मथुरा के अधीन कार्यरत है। **श्री अमित चंदेल** पुत्र स्व. श्री रामप्रसाद चंदेल **दिनांक 26.08.2023** से निरंतर रेलवे ड्यूटी से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति चल रहे है। कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही लम्बित है। इस सम्बन्ध में अपना पक्ष रखने के लिए **श्री अमित चंदेल** पुत्र स्व. श्री रामप्रसाद चंदेल इस सूचना की प्रकाशन की तिथि से **15 दिन** के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में, उपस्थित हो अन्यथा एक पक्षीय निर्णय लिया जायेगा।

**अनुशासनात्मक अधिकारी**
**सहायक मण्डल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी**
**मथुरा**

**731/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# अक्षय तृतीया पर बिहारी जी के चरण दर्शन के लिए उमड़े लाखों श्रद्धालु

- निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले सुबह 6 बजे खुले श्री बांके बिहारी मंदिर के पट
- योगी सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सहूलियत के किए गए पुख्ता इंतजाम
- चप्पे- चप्पे पर पुलिस रही तैनात, पूरे क्षेत्र को तीन जोन और 9 सेक्टर में बांटा





**सांध्य पहल संवाददाता**

**मथुरा/वृन्दावन।** अक्षय तृतीया पर वृंदावन में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बुधवार को ठाकुर श्री बांके बिहारी ने भक्तों को चरण दर्शन दिए। बांकेबिहारी जी के वर्ष में एक बार होने वाले दुर्लभ चरण दर्शन और सर्वांग दर्शन की झलक पाने के लिए लाखों श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे। भक्तों के सैलाब को देखते हुए मंदिर के पट निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले खुले। पट खुलते ही मंदिर में आराध्य के पहले दर्शन पाने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं को किसी तरह असुविधा न हो, योगी सरकार द्वारा इसका विशेष ख्याल रखा गया। वहीं जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। श्री बांके बिहारी जी के वर्ष में एक बार होने वाले विशेष दर्शन के लिए सुबह से ही मंदिर और उसके आसपास भक्तों का भीड़ लगी रही। बुधवार सुबह 5 बजे से ही आराध्य ठाकुर जी की एक झलक पाने के लिए बांके बिहारी मंदिर के द्वार से लेकर विद्यापीठ चौराहा तक रेलिंग के बीच लगभग पांच सौ मीटर लंबी श्रद्धालुओं की कतार लग गई। मंदिर पर भीड़ का दबाव न बढ़े इसके लिए निर्धारित समय से पहले ही सुबह छह बजे मंदिर के पट खोल दिए गए। मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने जयकारे के साथ मंदिर में प्रवेश करने लगे। बांके बिहारी महाराज के चरण दर्शन की लालसा लेकर आए श्रद्धालु अपने आराध्य के चरणों की एक झलक पाने को लालायित दिखाई दिए। चरण दर्शन होते ही वह स्वयं को धन्य महसूस करते हुए दोनों हाथ उठाकर प्रभु की जय जयकार करने लगे।

पूरा मंदिर परिसर बांके बिहारी जी के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। अक्षय तृतीया पर्व पर मंदिर सेवायतों ने ठाकुर जी को पीले रंग की जड़ावदार पोशाक, सोने के कंठाहार, कड़े और चरणों में चांदी की पायल धारण कराई। सोने एवं चांदी के आभूषणों से श्रृंगार और चरणों में चंदन का गोला रखा था। मंदिर के सेवायत कुछ समय के अंतराल में चंदन के गोला को सूख जाने पर बदल रहे थे। जिससे कि ठाकुरजी को शीतलता प्रदान होती रहे। इसके साथ ही ठाकुरजी को सत्तू समेत अन्य शीतल पेय पदार्थों का भोग अर्पित किया गया। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि अक्षय तृतीया पर श्री बांके बिहारी जी के चरण दर्शन के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु वृंदावन पहुंचें है। श्रद्धालुओं की सुविधा और ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को ठाकुर जी के विशेष दर्शन का लाभ मिल सके। इसके लिए सुबह छह बजे से ही मंदिर के पट खोल दिए और निर्धारित समय पर आरती के बाद पट दोपहर में बंद कर दिए। वहीं शाम की बेला में मंदिर सेवायत ने ठाकुर जी का मखमल के कपड़ों से चंदन का लेपन किया और नयनाभिराम श्रृंगार किया। मंदिर के पट निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले चार बजे खोले गए। इससे ज्यादा से ज्यादा भक्तों ने अक्षय तीज पर ठाकुर जी के सर्वांग दर्शन किए। मंदिर में देर रात हुई शयन आरती तक भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। वहीं शहर के प्राचीन सप्त देवालय में ठा. राधा दामोदर मंदिर, राधा रमण, राधा गोपीनाथ, राधा श्याम सुंदर, राधा गोविंद देव, राधा गोकुलानंद एवं ठा. राधा सनेह बिहारी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी ठाकुर जी ने चंदन श्रृंगार कर भक्तों को दर्शन दिए। अक्षय तृतीया पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए योगी सरकार द्वारा विशेष इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाने के लिए नगर निगम द्वारा सड़क पर कारपेट बिछाए गए। जगह- जगह बड़े पंखे और ठंडे पानी की व्यवस्था की गई। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किए गए। पूरे वृंदावन को तीन जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया। सुरक्षा के लिए करीब 800 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया।

# नगर निगम के अधिकारियों ने प्रवर्तन दल के गुंडों को साथ लेकर छीनी गरीबों की रोजी रोटी



**सांध्य पहल संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** लेबर कॉलोनी में विकलांग युवक वर्षों से खोखा रखकर उस पर कुछ सामान बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था पीड़ित सुहाग नगर निवासी आनंद शर्मा पुत्र श्रीराम शर्मा पार्षद पर आरोप लगाते हुए बताया कि यहां के कुछ स्थानीय नेता और पार्षद द्वारा कई बार मुझसे पैसों की डिमांड की गई में नहीं दे पाया तो आज नगर निगम की टीम बुल्डोजर लेकर आई और मुझे बिना मौका दिए मेरा खोखा टांग कर ले गई, उसमें से में सामान भी नहीं निकाल पाया। जब स्थानीय लोग एकत्र हुए और उन्होंने विधायक सदर मनीष असीजा को फोन पर इस घटना से अवगत कराया तो उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारियों को फटकार लगाई तब शाम को मेरा टूटा हुआ खोखा वापस कर दिया। नगर निगम में कुछ कलुषित मानसिकता के अधिकारी बैठे हुए है जो खासकर सवर्णों को ही निशाना बना रहे ही पूर्व में लालऊ में रमेश शर्मा ककरऊ कोठी पर एक ठाकुर साहब के यहां तथा रसूल पुर में एक गुप्ता जी की कोठी तोड़ चुके है मेयर साहिबा के पतिदेव के दोस्त पूरे शहर में भ्रमण करते है जहां से पैसा वसूल नहीं कर पाते वही बुल्डोजर लेकर आर्मी की बर्दी पहनाकर प्रवर्तन दल के गुंडों को लेकर पहुंच जाते है और तोड़ फोड़ करा देते है। इस घटना पर भारतीय किसान यूनियन चाणक्य फाउंडेशन सहित कई समाजसेवी संगठनों ने कड़ा एतराज करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

# न्यू आगरा पुलिस ने दो मोबाइल चोरों को किया गिरफ्तार, शातिरों के कब्जे से ढाई लाख के 11 मोबाइल बरामद





**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** थाना न्यू आगरा पुलिस ने राह चलते लोगों से मोबाइल फोन छीनने की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया हैं। अभियुक्तों के कब्जे से 11 मोबाइल फोन जो लोगों से छीने गए बरामद हुए हैं। जिनकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपए बताई गई हैं।पुलिस उपायुक्त नगर सोनम कुमार द्वारा बताया गया की एक युवक द्वारा थाना न्यू आगरा पर शिकायत देकर बताया कि 23 अप्रैल को पीड़ित निर्भय नगर लेमन ट्री होटल के पीछे वाली रोड़ से शाम के समय अपने घर जा रहा था। तभी पीछे से स्पेलण्डर मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और भाग गये।इस मामले में थाना न्यू आगरा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज किया था।उपरोक्त मोबाइल फोन छीनने की घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु थाना न्यू आगरा पर पुलिस टीम का गठन किया गया। बुधवार को गठित पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर मोबाइल फोन छीनने की घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों सचिन व करन को खासपर चौराहे के पास लालगढ़ी की ओर से गिरफ्तार किया गया। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 11 मोबाइल फोन छीने/चोरी किये हुए व 300 रुपए बरामद हुए।

**छीने हुए मोबाइल को अपनी मजबूरी बताकर राह चलते लोगों को कम पैसों में बेच देते थें**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से बरमद मोबाइल फोन के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर दोनों अभियुक्तों ने बताया कि बरामद वन प्लस नॉर्ड 3 मोबाइल फोन उन दोनों ने मिलकर 23 अप्रैल 2025 की शाम को लेमन ट्री होटल के पीछे वाली रोड़ पर जा रहे एक व्यक्ति से छीना था और अन्य 10 मोबाइल फोन जो उनसे बरामद हुए है उन्हें भी उन्होंने अलग अलग जगह से ऐसे ही लोगों से छीना है और छीने गये मोबाइल फोन को वह राह चलते लोगों को अपनी मजबूरी बता कर कम दामों में बेच देते है और प्राप्त रूपयों को आपस में बाँट लेते है। बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में बताया कि मोटरसाइकिल का इस्तेमाल वह घटना को अंजाम देने में करते थे। पुलिस ने अनुसार पकड़े गए अभियुक्तों में सचिन पुत्र गोविंद और करन पुत्र ठाकुरदास दोनों नगला बूडी थाना न्यू आगरा के निवासी हैं।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में ये रहे शामिल**

पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक न्यू आगरा जसवीर सिंह सिरोही,एसआई गौरव तेवतिया,एसआई विवेक कुमार, कास्टेबल दीपक कुमार व रजत कुमार,शामिल रहें।

# हमारे यहां गो तस्करों की होती है सेवा : गुलफाम हत्या मामले में मनोज चौधरी के वीडियो आए सामने

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** रेस्टोरेंट संचालक गुलफाम की हत्या के मामले में पुलिस ने जिस मनोज चौधरी को गिरफ्तार किया है, फेमस होने के लिए सबसे पहले सोशल मीडिया पर उसने ही हत्या की जिम्मेदारी ली थी। लेकिन मनोज चौधरी ने इस तरह के वीडियो पहली बार नहीं अपलोड किए हैं। ऐसे कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें मनोज चौधरी ने तथाकथित गौ तस्करों की पिटाई कर रहा है।

**क्या है पूरा मामला**

ताजनगरी में शाहिद अली का चिकन बिरयानी नाम से रेस्टोरेंट है। यहां पर उसके साथ चचेरे भाई मुन्ना, जीशान, सैफ अली और गुलफाम देखरेख करते हैं। 23 अप्रैल की रात करीब 12 बजे रेस्टोरेंट पर बाइक पर तीन युवक पुष्पेंद्र बघेल, शिवम बघेल और प्रियांश यादव आए थे। प्रियांश बाइक पर ही था। पुष्पेंद्र और शिवम रेस्टोरेंट पर गए। यहां पर गुलफाम ने उसने पूछा कि हां भाई क्या चाहिए। इस पर पुष्पेंद्र नं गुलफाम को गोली मार दी थी। गोली गुलफाम के सीने में लगी। वो वहीं गिर गया। इसके बाद सैफ अली ने शोर मचाया। इसके बाद शिवम ने सैफ अली पर फायर किया था। गोली सैफ अली के छूते हुए निकल गई। हमलावर अपनी बाइक पर बैठकर शिल्पग्राम की ओर भाग निकले।

**पुलिस के सामने किया कबूल**

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने फेमस होने के लिए यह वीडियो अपलोड किया था। उनका कहना था कि कुछ समय से करणी सेना का मामला चल रहा था। इसके अलावा पहलगाम वाली घटना भी हुई थी। इसलिए हमें लगा कि इस समय लोगों के अंदर आक्रोश है, ऐसे में हत्या करने के बाद वीडियो पोस्ट करेंगे तो फेमस होंगे। लोगों का सपोर्ट मिलेगा। हालांकि हत्या तो पुराने विवाद के चलते की गई थी।

**अब जानते हैं किस तरह के डाले गए हैं वीडियो**

मनोज चौधरी के गौ रक्षा दल आगरा यूपी के नाम से सोशल मीडिया पर कई वीडियो हैं। इनमें से एक वीडियो में वे दो अलग धर्म के पुरुषों को मार रहे हैं। इसमें लिखा है कि नंदी महाराज को पीट रहे थे यह 24 सेकेंड के इस वीडियो में कुछ लोग दो पुरुषों की मार लगा रहे हैं। एक वीडियो 45 सेकेंड का है, जिसमें लिखा है गौ रक्षा दल आगरा यूपी टीम मनोज चौधरी। नीचे लिखा है सेवा देते हुए। इस वीडियो में भी दो लोगों की मार लगाई जा रही है। एक वीडियो है, जिसमें हथियार दिखाए गए हैं। कार में यह वीडियो बनाया गया है। हर वीडियो में गाने चल रहे हैं। एक अन्य वीडियो में लिखा है कि हमारे यहां गो तस्करों की निस्वार्थ सेवा दी जाती है। इस वीडियो में पुलिस की गाड़ी में बैठते भी दिखाई दे रहे हैं। भंडारा चल रहा है। एक व्यक्ति की पिटाई भी पिटाई भी लगाई गई। ऐसे ही एक वीडियो में एक व्यक्ति को मारा जा रहा है। इस वीडियो में लिखा है कि हमारे यहां गो तस्करों की तसल्ली वर्क कार्यवाही की जाती है।




# राहुल नगर में जूते के कारीगर ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड नोट नहीं

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** थाना जगदीशपुरा क्षेत्र की बोदला चौकी के अंतर्गत राहुल नगर स्थित शीतल कुंज में किराए पर रहने वाले एक 27 वर्षीय युवक सनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सनी के रूप में हुई है, जो जूते बनाने का कारीगर था। पुलिस के अनुसार, सनी पिछले डेढ़ साल से शीतल कुंज में किराए के मकान पर रह रहा था। पुलिस को मृतक के कमरे से उसका आधार कार्ड मिला है, जिस पर उसका स्थायी पता माईथान दर्ज है।मकान मालिक सुमन मिश्रा ने बताया कि रविवार को एक दंपति उनके मकान को किराए पर देखने आए थे। जब दंपति ऊपर के कमरे को देखने के लिए जंगले से झांक रहे थे, तो उन्हें कमरे के अंदर सनी का शव छत के कुंडे से लटका हुआ दिखाई दिया। इसकी सूचना तत्काल दंपति और मकान मालिक ने पुलिस को दी।सूचना मिलते ही बोदला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को छत के कुंडे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस को बताया कि रविवार को सनी की बहन उससे मिलने आई थी।पुलिस को मृतक के कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। मौके पर पहुंची पुलिस गहन जांच पड़ताल में जुटी हुई है और मृतक के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।इस घटना से राहुल नगर क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है ताकि यह पता चल सके कि सनी ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया।



# शिवपाल बोले सरकार के इशारे पर रामजीलाल पर हमला हुआ: आगरा में पहलगाम पर कहा केंद्र सरकार बताए, आतंकी सीमा में कैसे घुसे



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** आगरा आए सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने यूपी सरकार पर निशाना साधा है। सपा सांसद रामजीलाल सुमन पर हुए हमले पर उन्होंने कहा ये हमला सरकार के इशारे पर हुआ। आखिरकार आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई है। वहीं, पहलगाम आतंकी हमले पर कहा केंद्र सरकार सब तरह से फेल है। बताइए आतंकी घुस कैसे आए।

**हमलावरों की गिरफ्तारी होनी चाहिए**

27 अप्रैल को अलीगढ़ बुलंदशहर रोड पर गभाना टोल के पास सपा सांसद रामजीलाल सुमन के काफिले पर करणी सेना ने हमला बोल दिया था। इस शिवपाल सिंह ने कहा सरकार को रामजीलाल को सुमन देनी चाहिए थी। वो नहीं दी। जिन्होंने हमला किया, उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए। रामजीलाल सुमन पर ये हमला सरकार के इशारे पर किया गया। इसके विरोध में 1 मई को सपा प्रदर्शन करने जा रही है। धरना प्रदर्शन के साथ ही ज्ञापन दिया जाएगा।

**पहलगाम में हमला सरकार की चूक**

पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर सपा राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि ये सरकार की चूक है। इतनी बड़ी घटना हो जाए और इसका पहले से पता भी न हो। इसका मतलब, सरकार पूरी तरह से फेल है। भारत सरकार कह रही है कि ईंट का जवाब पत्थर से देंगे, इस सवाल के जवाब में शिवपाल सिंह ने कहा कि चलिये देखते हैं। शिवपाल सिंह आगरा में सबसे पहले पार्टी कार्यकर्ता धारा सिंह यादव के गढ़ी नवालिया स्थित आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया, परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद वे 2 मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय महासचिव का जोरदार स्वागत किया।


# ट्रैक्टर ट्रॉली का टायर फटा: 4 लोग घायल, 2 की हालत गंभीर; शादी का भात लेकर जा रहे थे

आगरा । फतेहपुर सीकरी के थाना सीकरी क्षेत्र में गांव सिरौली के पास एक बड़ा हादसा हुआ। एक ट्रैक्टर ट्रॉली का टायर फटने से वाहन पलट गया। ट्रॉली में शादी का भात लेकर जा रहे कई लोग घायल हो गए। घटना में सुखराम के परिवार की महिला मंजू देवी, प्रदीप कुमार, नागेश्वर समेत कई लोग घायल हुए। प्रदीप और नागेश्वर की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें भरतपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा तब हुआ जब राजस्थान के ग्राम खुडासा, थाना बयाना निवासी सुखराम अपने परिजनों के साथ ग्राम दुलारा निवासी केशव की दो बेटियों की शादी का भात लेकर जा रहे थे। हादसे में किसी की जान नहीं गई। स्थानीय लोगों की मदद से क्रेन बुलाकर पलटी हुई ट्राली को सड़क से हटाया गया।



# न्यूरोसर्जन ने मारा दलित युवक : सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना, मुकदमा दर्ज

**आगरा।** आगरा के एक जाने माने न्यूरोसर्जन डा. नरेश शर्मा पर एक दलित युवक के साथ मारपीट का आरोप लगा है। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। आरोप है कि डाक्टर ने युवक को गालियां दी हैं। एक अन्य व्यक्ति के साथ भी मारपीट की, मोबाइल छीना। थाना हरीपर्वत पर डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना आगरा खंदारी स्थित नालंदा प्राईड अपार्टमेंट की बताई जा रही है। जहां 27अप्रैल को जतिन नाम का युवक अपने मालिक के साथ एक फ्लैट में काम करने गया हुआ था। बताया जा रहा है कि जतिन फ्लैट की पार्किंग में अपने मालिक का इंतजार कर रहा था। आरोप है कि वहां डा. नरेश शर्मा ने आकर इस लड़के को खदेड़ते हुए गाली गलौज की। किसी धारदार चीज से जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।



**वीडियो में दिख रही है मारपीट**

इस घटना का एक पूरा वीडियो भी सामने आया है। यह सीसीटीवी फुटेज है, जो उस अपार्टमेंट की लाबी, लिफ्ट से ली गई है। इसमें दिख रहा है कि डा. शर्मा जबरदस्ती युवक का हाथ पकड़कर ले जा रहा है। उसे मारता है। गुस्से में बोल रहा है। वीडियो में एक व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाए जाने पर उससे छीना झपटी करता डॉक्टर भी दिख रहा है। व्यक्ति के साथ भी मारपीट की। डाक्टर के खिलाफ थाना हरीपर्वत में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# फतेहपुर सीकरी में गिट्टी से भरा ट्राला दुकानों में घुसा: दो दुकानें क्षतिग्रस्त; लाखों के बैट्री इन्वर्टर टूटे, चालक फरार



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी में रात करीब 1 बजे एक बड़ी दुर्घटना हुई। राजस्थान के भरतपुर से आगरा की ओर जा रहा गिट्टी से भरा ट्राला अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए सड़क की दूसरी तरफ दुकानों में जा घुसा। हादसे में दो दुकानें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। एक दुकान में दरारें आ गईं। दूसरी दुकान में रखे बैट्री इन्वर्टर समेत अन्य सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। सुबह जब घटना का पता चला तो दुकान मालिक दीपक गोयल व रितेश गोयल ने ट्रक चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। दीपक गोयल ने बताया कि उनकी बैट्री इन्वर्टर की दुकान में पांच लाख रुपये का सामान नष्ट हो गया है। रात में हुई इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। दिन के समय यहां लोगों की भीड़ रहती है। ऐसे में दिन में यह हादसा होता तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। चालक घटना के बाद ट्रॉला छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्राले को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है। शिकायत के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पुरानी पेंशन को लेकर शिक्षक संघ का धरना आज

**आगरा।** प्रांतीय नेतृत्व डॉ दिनेश चंद्र शर्मा जी के आह्वान पर परिषदीय शिक्षकों की विभिन्न मांगों मुख्य रूप से पुरानी पेंशन बहाल करना, कैशलैस चिकित्सा सुविधा आदि 14 सूत्रीय मांगों के संबंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ आगरा आज मजदूर दिवस के अवसर पर बीएसए कार्यालय आगरा पर धरना देगा। जिला संयोजक चौधरी सुरजीत ने बताया है कि मुख्यमंत्री जी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी आगरा को सौंपा जाएगा। धरना सुबह 11 बजे से होगा। उन्होंने जनपद के सभी शिक्षकों से धरने में उपस्थित होकर धरने को सफल बनाने का आह्वान किया है।




# आगरा मंडल के कीथम-फरह खंड के मध्य फाटक सं0- 515 (किमी 1370/20-22 का अनुरक्षण कार्य के लिए सड़क यातायात को वैकल्पिक मार्ग से गुजारने के सम्बन्ध में।

**आगरा।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगरा मंडल के कीथम-फरह खंड के मध्य फाटक सं0- 515 (किमी 1370/20-22 पर अनुरक्षण का कार्य दिनांक- 01.05.2025 से दिनांक 06.05.2025 तक किया जाना है 7 यह कार्य समपार पर सडक यातायात रोके बिना नहीं किया जा सकता है । यह कार्य सुरक्षा की दृष्टि से अति आवश्यक है। रेल प्रशासन द्वारा दिनांक-01.05.2025 सुबह 06.00 बजे से दिनांक 06.05.2025, 18.00 बजे तक सड़क यातायात बंद रहेगा। गेट बन्द के दौरान रेल सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क यातायात का वैकल्पिक मार्ग फाटक संख्या -514 एवं आरयूबी न. 516 से होकर गुजारने की व्यवस्था की गयी है। जन-साधारण से अनुरोध है कि उक्त कार्य में सहयोग प्रदान करे।

# कार्यालय जिला पंचायत, आगरा ।

पत्रांक 428/नि0अनु0/जि0पं0आ0/2025-26 दिनांक : 30/04/2025

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

(प्रारम्भ तिथि 01.05.2025, अन्तिम तिथि 08.05.2025)

जिला पंचायत, आगरा के समस्त पंजीकृत ठेकेदार, लोक निर्माण विभाग व सिंचाई विभाग में वर्ष 2025-26 में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, आगरा द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग/जिलानिधि योजनान्तर्गत अंकन 10.00 लाख रूपये से अधिक धनराशि के 02 कैटल कैचर/मल्टी परपज वाहन (ट्रैक्टर एवं ट्राली स्पेशिफिकेशन संलग्क) धनराशि रू0 29,00,000/- के खरीदे जाने हेतु ई-निविदा प्रपत्र वेबसाईट ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर दिनांक 01.05.2025 से दिनांक 06.05.2025 के समय 12:00 बजे तक डाले/अपलोड किये जायेंगे। ई-निविदाओं की टैक्निकल बिड उक्त दिनांक 06.05.2025 की अपरान्ह 01:00 बजे से निर्धारित समिति द्वारा कार्यालय जिला पंचायत, आगरा में खोली जायेंगी। 02 कैटल कैचर/मल्टी परपज वाहन (ट्रैक्टर एवं ड्राली) का विवरण एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में एवं https://etender.up.nic.in व www.agra.nic.in से देखी / प्राप्त की जा सकती है।

**(देवेन्द्र सिंह)**
अभियन्ता,
जिला पंचायत, आगरा।

**(उमेश चन्द)**
अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत, आगरा।

# संपादकीय

## न्यायपालिका पर हमले

उप-राष्ट्रपति ने संसद को सर्वोच्च बताया है। यानी संसद कोई भी विधेयक पारित कर सकती है, जिसका न्यायिक परीक्षण नहीं होना चाहिए। इस तरह जगदीप धनखड़ ने अवरोध एवं संतुलन की संवैधानिक व्यवस्था को सिरे से नकारने की कोशिश की है। न्यायपालिका पर हमले जारी रखते हुए उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अब ये विवादास्पद बात कही है कि भारतीय व्यवस्था में संसद सर्वोच्च है। इस तरह उन्होंने अवरोध एवं संतुलन की संवैधानिक व्यवस्था को सिरे से नकारने की कोशिश की है। धनखड़ के मुताबिक संसद के ऊपर सिर्फ मतदाता हैं, जो संसद का चुनाव करते हैं। इस तर्क को आगे बढ़ाया जाए, तो उसका अर्थ निकलेगा कि निर्वाचित होने के बाद संसद कोई भी विधेयक पारित कर सकती है, जिनमें संविधान संशोधन बिल भी शामिल हैं। यह तर्क सीधे तौर पर संवैधानिक अदालतों के अस्तित्व को चुनौती है। इसलिए कि संवैधानिक अदालतों (सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट) को संविधान ने संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्या का अधिकार दिया है। इसके तहत सुप्रीम कोर्ट को संसद से पारित विधेयकों के परीक्षण का अधिकार भी हासिल है। भारत में न्यायशास्त्र के विकास के साथ सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के बुनियादी ढांचे का सिद्धांत विकसित किया है। इस ढांचे से हेरफेर करने वाले कानूनों को रद्द कर देने का अधिकार उसे हासिल है। फिर संविधान के अनुच्छेद 142 में प्रावधान है कि 'न्याय को पूर्णता प्रदान करने के लिए' सुप्रीम कोर्ट आदेश जारी कर सकता है। यह आदेश सारे देश में लागू होगा। जहां तक सर्वोच्चता का सवाल है, तो भारतीय संवैधानिक व्यवस्था में शक्तियों के अलगाव का सिद्धांत अपनाया गया है। इसके तहत कोई राजकीय संस्था सर्वोच्च नहीं है। हर संस्था को ऐसे अधिकार हैं, जिससे वह अवरोध एवं संतुलन का दायित्व निभा सके। अवरोध एवं संतुलन की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि हर संस्था संवैधानिक दायरे में काम करे। इस तरह अधिनायकवाद की प्रवृत्तियों पर नियंत्रण बना रहता है। उप-राष्ट्रपति खुद एक बड़े संवैधानिक पद पर हैं, जहां उनसे भी ऐसी भूमिका की अपेक्षा की जाती है। मगर हाल के भाषणों में उन्होंने 'न्याय को पूर्णता प्रदान करने' संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को चुनौती दी है और अब उन्होंने संसद की सर्वोच्चता का एलान किया है। उनके इस नजरिए से राष्ट्रीय जनमत के एक बड़े हिस्से में कौतूहल देखा गया है। ये सवाल उठा है कि आखिर धनखड़ ऐसे दावे क्यों कर रहे हैं?

# छात्रों के विरोध अश्लील और असभ्य

प्रियंका सौरभ

दिल्ली विश्वविद्यालय, जिसे भारत के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में गिना जाता है, हाल में एक अजीबोगरीब और प्रतीकात्मक विरोध का केंद्र बना। कुछ छात्रों ने क्लासरूम की दीवारों पर गोबर लीपा और प्रिंसिपल के घर के बाहर भी गोबर फेंक दिया।

यह कोई फिल्मी सीन नहीं था, न ही कोई ग्रामीण उत्सव-यह था एक गुस्से से भरा राजनीतिक वक्तव्य। यह घटना न केवल ध्यान खींचती है, बल्कि कई गहरे और असहज सवाल भी खड़े करती है- क्या विविद्यालय सिर्फ सत्ता का विस्तार बन चुके हैं? क्या छात्र आंदोलन केवल 'विचारों' से नहीं, अब 'गंध' से भी संवाद करने लगे हैं?

यह विरोध दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैम्पस के एक कॉलेज में हुआ जहां छात्रों ने गोबर लीप कर क्लासरूम को 'पवित्र' करने की कोशिश की। दरअसल, 'पवित्रता' का यह तंज था-एक ऐसे सिस्टम पर, जिसे छात्र 'अपवित्र' मानते हैं। कहा गया कि यह विरोध जातिगत भेदभाव, एक दलित प्रोफेसर के साथ अन्याय, और प्रशासन की असंवेदनशीलता के खिलाफ था। छात्रों ने न सिर्फ कक्षाओं को गोबर से लीपा, बल्कि प्रिंसिपल के घर तक जाकर वहां भी प्रदर्शन किया।

भारत में गोबर का उपयोग सदियों से पवित्रता, शुद्धता और स्वदेशी जीवन शैली के प्रतीक के रूप में होता आया है। लेकिन इस मामले में इसका प्रयोग गहराई से व्यंग्यात्मक था। यह ऐसा प्रतीक था जो न केवल सत्ता की 'पवित्रता' को उलट देता है, बल्कि दिखाता है कि छात्र अब विरोध के पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़कर सत्ता की भाषा को उसके ही प्रतीकों से जवाब दे रहे हैं। यह विरोध दरअसल उस छद्म सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर चोट करता है जो गाय, गोबर और गंगा जल को पवित्र मानता है, लेकिन दलित, आदिवासी व वंचित समुदायों की पीड़ा को अपवित्र विषय मानता है।

भारतीय विविद्यालय धीरे-धीरे उस विचारभूमि से हटते जा रहे हैं, जहां असहमति को प्रोत्साहन मिलता था। आज यदि कोई छात्र या प्रोफेसर सत्ता के खिलाफ बोलता है, तो उसे 'राष्ट्रविरोधी', 'गद्दार', या 'विकास-विरोधी' कहा जाने लगता है। कैम्पस अब लोकतांत्रिक संवाद के केंद्र नहीं, बल्कि डर के घेरे बनते जा रहे हैं। छात्रों के इस कदम को केवल 'असभ्यता' कह कर खारिज करना आसान है, लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि यह घटना उस निराशा और हताशा की उपज है जो वर्षो से भीतर ही भीतर सुलग रही है। जब संवाद के सारे रास्ते बंद कर दिए जाते हैं, तो प्रतीकात्मक और चौंकाने वाले कदम ही विकल्प बनते हैं।

यह विरोध 'हिंसक' नहीं था, लेकिन 'सुगंधित' भी नहीं था। निश्चित रूप से गोबर से दीवारें लीपना किसी भी संस्थान के लिए अनुशासनहीन हरकत मानी जाएगी। लेकिन यह भी सोचना होगा कि जब छात्र अपनी बात कहने के लिए इतना असामान्य तरीका अपनाते हैं, तो समस्या छात्रों में नहीं, व्यवस्था में भी है। वे किस हद तक खुद को असहाय और अनसुना समझते हैं, यह इस घटना से जाहिर होता है। अलबत्ता, यह विरोध मानसिक और सांस्कृतिक असहजता पैदा करने वाला जरूर था। छात्रों का प्रदर्शन प्रिंसिपल के निजी घर तक पहुंचना न केवल प्रतीकात्मक था, बल्कि दर्शाता है कि छात्रों को अब संस्थागत दायरे में न्याय की उम्मीद नहीं रही। यह खतरनाक संकेत है-न केवल शिक्षा व्यवस्था के लिए, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भी।

मीडिया ने इस घटना को सनसनीखेज ढंग से दिखाया -'छात्रों ने लीपा गोबर!', 'गाय के नाम पर राजनीति फिर से!'-लेकिन दुर्भाग्यवश किसी ने यह नहीं पूछा कि छात्र ऐसा क्यों कर रहे हैं? किस घटना ने उन्हें इस हद तक पहुंचाया? किसने संवाद के रास्ते बंद किए? मीडिया अक्सर लक्षणों पर बहस करता है, लेकिन बीमारी की जड़ तक नहीं जाता। सत्ता जब गाय और गोबर को संस्कृति का हिस्सा मान कर उन्हें नीतियों में शामिल करती है-जैसे गोबर आधारित उत्पादों को बढ़ावा देना, पंचगव्य को चिकित्सा बताना-तब वह 'धर्म-सम्मत' होता है।

लेकिन जब यही प्रतीक छात्रों के विरोध में आते हैं, तो वे 'अश्लील' और 'असभ्य' बन जाते हैं। यही सत्ता का दोहरापन है। छात्रों का विरोध सत्ता के इस पाखंड की पोल खोलता है-दिखाता है कि सांस्कृतिक प्रतीकों का प्रयोग केवल सत्ता के लिए सुरक्षित नहीं है, बल्कि जनता भी उन्हें विरोध के औजार बना सकती है। इस घटना के बहाने जरूरी हो गया है कि विविद्यालयों में संवाद की संस्कृति को फिर से मजबूत किया जाए। यह घटना प्रतीकात्मक चेतावनी है-शिक्षा का मंदिर यदि सत्ता की चौकी बन जाए, तो छात्र वहीं पर 'शुद्धि यज्ञ' करने लगते हैं। गोबर का यह विरोध हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र में असहमति की गुंजाइश बनी रहनी चाहिए -वरना दीवारें ही नहीं, सोच भी गंधाने लगती है।

# व्यंग्यः आस्तीन में घर हैं जिनके

विवेक रंजन श्रीवास्तव

सोशल मीडिया में खालिस भारतीय 'विदेशी भक्त' और उनकी दोहरे चरित्र देखने लायक हैं। भारत के डिजिटल जंगल में इस नई प्रजाति का उदय हुआ है , जिनकी ज़ुबान 'वैश्विक नागरिकता' का राग अलापती है, पर भारत की आस्तीन में छुपा उनका 'घर' किसी और ही महाद्वीप का पता बताता है। ये वो शख़्सियतें हैं जो भारत की मिट्टी में पलती-बढ़ती हैं, पर उनकी नज़रें हमेशा विदेशी स्टैंडर्ड्स के पैमाने से ही देश को नापती हैं। अगर कोई भारत सरकार की आलोचना करे, तो ये उसकी पीठ थपथपाने को तैयार मिलते हैं। यदि सरकार के समर्थन में कुछ लिख दिया तो यह ब्रिगेड भक्त का टाइटिल देने में देर नहीं लगाती , इस तरह वे स्वयं को कथित सेक्युलर साबित करने में जुट जाते हैं। विदेशी सरकारों के मुंह से भारत पर कोई टिप्पणी निकले, तो ये उसे सच्चाई का आईना घोषित कर देते हैं। आस्तीनों में बसे इनके 'घर' की नींव तो शायद , न्यूयॉर्क या जेनेवा की मिट्टी से बनी है! इनके रहने वाली बांबी भीतर ही भीतर पाकिस्तान और बंगलादेश तक जुड़ी हुई है। इनका व्यंग्य-शस्त्रागार बेहतरीन होता है। सरकार ने कोई नीति बनाई? तुरंत ट्विटर पर ट्रेंड करो- अरे, स्वीडन में ऐसा होता तो...। किसी भारतीय संस्था ने कोई उपलब्धि हासिल की? ..पर सिंगापुर में तो ये सालों पहले...। ये लोग कॉम्पेयर एंड डिस्पेयर के मास्टर हैं। इन्हें पता ही नहीं कि स्वीडन की आबादी भारत के एक छोटे राज्य जितनी है, या सिंगापुर का भूगोल चंडीगढ़ से छोटा है। पर इन्हें यथार्थ से क्या लेना-देना? इनका काम वर्चुअल एक्सपर्ट बनकर अपने ही देश को लताड़ना है। ये अभिव्यक्ति की आज़ादी की दुहाई देते हैं, पर इनकी परिभाषा में आज़ादी सिर्फ़ सरकार की आलोचना करने तक सीमित है। अगर कोई इनसे पूछे, भई, आप जिस देश को आइडियल मानते हो, वहाँ तो पुलिस प्रोटेस्टर्स पर घोड़े दौड़ाती है!

तो जवाब मिलता है वो अलग बात है, वहाँ की सरकार 'परफेक्ट' है। यानी, इनके लिए आलोचना का अधिकार सिर्फ़ भारत के लिए रिज़र्व्ड है। बाकी दुनिया?, उन्हें तो समझने की ज़रूरत है! ये विदेशी मीडिया के प्रति 'हैलो प्रिंसिपल' सिंड्रोम से ग्रस्त होते हैं। ये अंग्रेजी जानते हैं, विदेशी मीडिया के प्रति बेहिसाब लगाव रखते हैं। किसी विदेशी मीडिया ने भारत पर कोई रिपोर्ट छापी, तो ये उसे गॉस्पल मानकर शेयर करते हैं। पर अगर भारतीय मीडिया विदेशों में हो रहे अत्याचारों की बात करे, तो ये उसे प्रोपेगैंडा बताते हैं। इनके मुताबिक़, ऑब्जेक्टिविटी की मोहर सिर्फ़ विदेशी चैनलों पर लगती है। और हाँ, अगर कोई भारतीय इस दोहरे मापदंड पर सवाल उठाए, तो वह अंधभक्त कहा जाता है! इनके ट्वीट्स और पोस्ट्स देखकर लगता है मानो भारत की हर समस्या का समाधान विदेशी सलाहकारों के पास है। गंगा प्रदूषण? यूरोपियन एक्सपर्ट्स को बुलाओ! किसान आंदोलन? यूएन को हस्तक्षेप करना चाहिए! पर इन्हें यह नहीं सूझता कि जिन देशों को ये रोल मॉडल मानते हैं, उन्होंने अपनी समस्याएँ खुद सुलझाई थीं। स्वदेशी समाधानों पर भरोसा? अरे, वो तो रिग्रेसिव है! वेस्टर्न वैलिडेशन चाटुकारिता का नया अवतार , ये लोग भारत के सॉफ्ट पावर पर तब तक शक करते हैं, जब तक कि कोई विदेशी उसे वैलिडेट न कर दे।

## शब्द सामर्थ्य -034

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | | ■ | ■ | ■ | ■ | 6 | |
| ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | | | |
| ■ | ■ | 10 | | 11 | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | ■ | ■ | 13 | | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | 17 | ■ | ■ | | ■ | 18 | | |
| 19 | | 20 | | | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | ■ | 21 | | | |
| ■ | 22 | | | | | ■ | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 033 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

## सू- दोकू क्र.034

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.033का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## राशिफल

**मेष** — मेष राशिः आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन बेहतरीन रहेगा। सामाजिक तथा पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मान-सम्मान मिलेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श होगा। आज आलस को अपने ऊपर हावी न होने दें। इससे आपकी कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है। आज अपनी योजनाओं तथा गतिविधियों को सीक्रेट रखें। आज कारोबारी परेशानियों का काफी हद तक निवारण होगा।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलने-मिलने से आपको बचना चाहिए। आज अपनी खास योजना किसी से भी शेयर न करें। कभी-कभी बहुत ज्यादा आत्म निर्भर होना और ईगो की भावना रखने से आपको समस्या हो सकती है। आज माता जी की सलाह से लिया गया निर्णय आगे चलकर लाभदायक साबित होगा। आपकी धर्म-कर्म और आध्यात्मिक कार्यों में आस्था बनी रहेगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी रुके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। किसी भी योजना को क्रियान्वित करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह जरूर लें। लेनदेन के मामलों को लेकर सावधानी बरतें। आज यात्रा का विचार बन रहा है, तो अपने सामान का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ने की वजह से व्यस्त रहेंगे। इसलिए व्यवस्थित रूप से अपने कार्यों की प्राथमिकताओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में बेहतर सुधार आने से आपके कार्य समय से पूरे होते रहेंगे। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने तथा आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है। आज नौकरी कर रहे लोगों को फोन द्वारा किसी उच्चाधिकारी से महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है। आज आपका पारिवारिक सदस्यों के साथ सुखद समय बीतेगा तथा घर में मेहमानों के आगमन से चहल-पहल भरा खुशनुमा माहौल रहेगा। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा मौका मिलेगा।

**सिंह** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आप अपनी प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखेंगे। आज अपनी योजनाओं व गतिविधियों को किसी के साथ भी शेयर ना करें। छात्र आज किसी टॉपिक को समझने में सफल होंगे। मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिलने के योग बने हुए है। कुल मिलाकर आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा। आज आपको जो भी काम दिया जायेगा उसे आप अच्छे से करेंगे। बिजनेस में आपको मेहनत के अच्छे नतीजे हासिल होंगे। आज आपको अपने गुस्से पर कंट्रोल रखना होगा अन्यथा बना बनाया काम दूबारा करना पड़ सकता है। परिवार के साथ आज मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। कान से जुड़ी समस्या के लिए आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखा सकते है।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगायेंगे। आज आपको ध्यान रखना होगा कि आपका प्रोजेक्ट तय समयानुसार पूरा हो जाये। आज आपको अपने गुस्से व आक्रोश पर नियंत्रण रखना जरूरी है। आज जीवनसाथी तथा पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहेगा। आपसी रिश्ते सौहार्दपूर्ण बने रहेंगे। बिजनेस के कामों में सुधार होगा। स्टाफ और कर्मचारियों का सहयोग बना रहेगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों के साथ रिश्ते और अधिक मजबूत होंगे।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे। आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज आपके लिए घर का सदस्य कुछ खरीद सकता है जिसे पाकर आप आनन्दित होंगे। आज वर्कस्पेस पर सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप जानते हैं कि आपका काम मुश्किल नहीं है बस आपको हौसला बनाकर रखना है। करियर में सुधार करने के लिए जिन बातों में बदलाव करना है, वह स्पष्ट रूप से जानने की कोशिश करें। आपके कामों की गति बढ़ेगी, जिससे आपको अच्छा धन लाभ होगा 7 दोस्तों के साथ आपकी दोस्ती और मजबूत होगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी होगी। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके परिवार में आपसी सौहार्द बना रहेगा। प्रोफेशनल लाइफ में मामले स्पष्ट रखें। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज सब कुछ ठीक रहेगा। आपकी इनकम अच्छी रहेगी। आपके धन प्राप्ति के मार्ग में यदि कुछ समस्याएं आ रही है, तो वह आज दूर होगी। आज परिवार का संपत्ति संबंधित मामला सुलझ सकता है, जिसमें आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद भी मिलेगी। भाई व बहनों का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा और मां की किसी इच्छा के पूरा होने से आप खुश रहेंगे ।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। लोगों के मन में आपके प्रति सम्मान का भाव रहेगा यह देखकर आपको ख़ुशी होगी। आज आप घर के कामों में अपनी माँ की मदद करेंगे और भविष्य को लेकर आप बातचीत भी करेंगे। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप समस्या से बच जायेंगे। आपका मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है जिसकी आप अपनी क्षमता के अनुसार मदद करेंगे। संतान को यदि आप कोई जिम्मेदारी देंगे, तो भी वह उन पर खरा उतरेंगे। आज आपका दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

**मीन** — आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर ध्यान देने की कोशिश करें। अन्य लोगों की मदद से आज आपके रुके कार्य पूरे हो जायेंगे। मित्रों के साथ बिताए हुए समय की वजह से आनंद मिलेगा। आज आपको संतान की संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। आज आपकी किसी संपत्ति का सौदा हो सकता है। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना पूरा होगा। लवमेट आज कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे।

# (1 मई अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विशेष) अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा, श्रम विभाग द्वारा किए जा रहे विशेष प्रयास

छगन लोन्हारे

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों की बेहतरी के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है। श्रम विभाग के तीनों मंडल - छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, छ.ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल एवं छ.ग. श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते सवा साल में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 5 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में अंतरित किए जा चुके हैं।**

प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन का कहना है कि प्रदेश में विष्णु देव सरकार के सुशासन में अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा। श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के हितों में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार किट योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना, निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित की जा रही है। प्रदेश के श्रम मंत्री देवांगन का कहना है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि हर हाथ को काम इस दिशा में प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। श्रम विभाग के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 255 करोड़ 31 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।




मजदूर दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस या श्रमिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों, सामाजिक न्याय और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए संकल्प लेना है। यह दिन श्रमिकों के योगदान को याद करने और उनके संघर्षों को सम्मानित करने के लिए भी मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1886 में शिकागो के हेमार्केट स्क्वायर में मजदूरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की याद में मनाया जाता है, जहां अनेक श्रमिकों ने 8 घंटे के कार्य दिवस की मांग की थी। सन् 1889 में, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के रूप में घोषित किया था। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों को सुनिश्चित करना, सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों के लिए आवाज बुलंद करना है। भारत में मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 1923 में चेन्नई (मद्रास) से हुई थी। भारतीय संविधान निर्माण सभा के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर ने श्रमिकों के काम का समय 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे किया। इसके अलावा उन्होंने महिलाओं को प्रसूति अवकाश की सुविधा उपलब्ध कराई।

श्रम विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत अटल श्रम सशक्तिकरण योजना के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में 125 करोड़ 10 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। इसी तरह वर्ष 2025-26 में पंजीकृत 2 लाख 26 हजार संगठित श्रमिकों के लिए राज्य शासन के अनुदान हेतु 6 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन का कहना है कि विष्णु देव सरकार की सोच है कि हर हाथ को काम मिले उसका उचित दाम मिले और हर पेट को अन्न मिले यह हमारी सरकार की आदर्श नीति है। इस नीति को क्रियान्वित करने हेतु राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना प्रदेश के सभी जिलों में प्रारंभ करने की घोषणा की गई है, जिसके परिपालन में इस वर्ष 13 जिलों में 31 भोजन केंद्र प्रारंभ किए जा चुके हैं। जिसका विस्तार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में समस्त जिलों में किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों एवं निर्माण श्रमिकों के पंजीयन हेतु विकासखण्ड स्तर पर मोबाईल कैम्प लगाए जाने की पहल विभाग द्वारा की गई है। अब तक 4 हजार 705 मोबाईल कैम्प लगाए जा चुके हैं।

औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु चालू वित्तीय वर्ष में 6 करोड़ 24 लाख 25 हजार रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। श्रम विभाग के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं का मुख्य दायित्व श्रमिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को भी चिकित्सा हित लाभ उपलब्ध कराया जाता है। कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं के लिए 64 करोड़ 18 लाख रूपए का प्रावधान राज्य सरकार द्वारा किया गया है।

# विधायक देवतालाब में किया वाटरशेड महोत्सव का शुभारंभ

## पानी ही सबके जीवन का आधार है : विधायक श्री गौतम




**रीवा,कासं.।** वाटरशेड परियोजना द्वारा ग्राम मिसिरगवां में वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक देवतालाब एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम ने वाटरशेड महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि पानी सबके जीवन का आधार है। वाटरशेड मिशन के तहत धरती माता की कोख को जल से भरने के लिए जल संरक्षण के कार्य करायें। पानी का किसी भी तरह से दुरूपयोग न करें। फसलों में आवश्यकता के अनुसार पानी दें। सिंचाई के लिए धस्प्रकलर सिस्टम का उपयोग करें।

बारिश के पानी को संरक्षित करने के लिए तालाब, चेक डैम्प, स्टाप डैंम, पर्कुलेशन टैंक तथा अन्य जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण करायें। जल संरक्षण को आमजन का अभियान बनाये। वाटरशेड महोत्सव में मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों तथा आमजनता ने जल संरक्षण के लिए भूमिपूजन किया। समारोह में विधायक देवतालाब ने वाटरशेड परियोजना के विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया। समारोह में वाटरशेड यात्रा के तहत आयोजित जन जागरूकता की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने जल योद्धाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने जन जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर पंचायतों में भ्रमण के लिए रवाना किया। समारोह में जिला पंचायत सदस्य श्री देवेन्द्र शुक्ला, जनपद अध्यक्ष मऊगंज श्रीमती नीलम इन्द्रपाल सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री महेताब सिंह गुर्जर, जिला परियोजना अधिकारी वाटरशेड डॉ. संजय सिंह, सीईओ जनपद मऊगंज रामकुशल मिश्रा तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# नीट यूजी परीक्षा 4 मई को कलेक्टर ने परीक्षा के संबंध में दिए निर्देश

## किसी भी तरह का इलेक्ट्रानिक उपकरण और खाद्य पदार्थ ले जाना रहेगा प्रतिबंधित



**रीवा,कासं.।** निर्धारित 13 परीक्षा केन्द्रों में 4 मई, रविवार को एनटीए नीट यूजी की परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि नीट यूजी परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी अपने साथ एनटीए वेबसाइट से डाउनलोड किया गया प्रवेश पत्र, पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो तथा पासपोर्ट आकार की दो फोटो अवश्य साथ लाएं। इसके साथ-साथ किसी एक अधिकृत फोटो पहचान पत्र की मूल तथा वैध प्रति लेकर आना आवश्यक है। पारदर्शी बोतल में पानी लेकर आने की अनुमति रहेगी।

कलेक्टर ने कहा है कि परीक्षा केन्द्र में जूते पहनने की अनुमति नहीं रहेगी लेकिन कम हील की सैण्डल अथवा चप्पल परीक्षार्थी पहन सकते हैं। कलेक्टर ने कहा है कि परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हीटबैण्ड आदि ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। चश्मा, घड़ी, बेल्ट, कैप, हैण्डबैग, कैमरा, ब्रोसलेट तथा किसी भी तरह के खाद्य पदार्थ का ले जाना भी प्रतिबंधित रहेगा। अपारदर्शी बोतल में पानी ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। परीक्षार्थी हल्के कपड़े पहनें जिनकी आस्तीन लंबी न हों। फैंसी पाकेट, जिपर, बैज आदि लगा न हो। छात्राएं किसी भी तरह के गहने अथवा धातु की बनी वस्तुओं को न पहनें। फैंसी और कढ़ाईदार कपड़े भी न पहनें। परीक्षा में शामिल होने के लिए निर्धारित निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें। परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से फैलने वाली तथ्यहीन सूचनाओं और अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाहों की तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें। नीट यूजी परीक्षा में अनुचित साधनों और अपराधों के लिए पब्लिक एग्जामिनेशन अधिनियम 2024 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में लगातार हो रहा पानी को सहेजने का प्रयास



**रीवा,कासं.।** रीवा और मऊगंज जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पानी को सहेजने के लिए जल संरक्षण से जुड़े निर्माण कार्य बड़े पैमाने पर किये जा रहे हैं। नगरीय निकायों में हैण्डपंपों मे रिचार्ज पिट बनाने तथा पक्के घरों वाटर हार्वेधस्टग सिस्टम लगाने का कार्य किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में चेक डैम, बोरी बांध खेत तालाब और अमृत सरोबरों का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि ग्राम पंचायत नीबा में दो खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। नगर परिषद मऊगंज में अभियान के तहत मऊकूप की साफ सफाई तथा पेयजल की पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य किया गया। नगर परिषद के रानीतालाब तथा सुंदर पुरवा तालाब में साफ सफाई का कार्य किया गया। नगर परिषद डभौरा द्वारा 14 हैण्डपंपों में सुधार कराकर उन्हें चालू कराया गया साथ ही रामजानकी मंदिर के पास नाले एवं लेदरी नदी में साफ सफाई का कार्य कराया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जल संरक्षण के वन विभाग में घिनौचीधाम के जल स्त्रोतों की साफ सफाई करायी। इससे वन्य प्राणियों और पशु-पक्षियों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो रहा है। हनुमना में भी तीन जल स्त्रोतों का साफ सफाई एवं सुधार का कार्य किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 30 अप्रैल को ग्राम पंचायत अकौरी में मतीदहा नदी में साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया गया।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर 56551.48 टन हुई गेंहू की खरीद

**रीवा,कासं.।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 10364 किसानों से 56551.48 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। गेंहू उपार्जन की अंतिम तिथि 5 मई है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि उपार्जित गेंहू में से 27404 टन गेंहू का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। अब तक किसानों को 137 करोड़ 14 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 17001 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं। उपार्जन के लिए सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# भारतीय संविधान में वेद और पुराणों की मूल भावना समाहित है : विधायक मऊगंज






**रीवा,कासं.।** जन अभियान परिषद द्वारा मऊगंज जिले के हनुमना में डॉ. अम्बेडकर के विचार और दर्शन पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल ने संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक श्री पटेल ने कहा कि भारतीय संविधान में वेद और पुराणों की मूल भावनाएं समाहित हैं। संविधान का निर्माण करने में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका रही। बाबा साहब सही अर्थों में महिलाओं और कमजोर वर्ग के सबसे बड़े शुभ चिंतक थे।

बाबा साहब के विचारों और प्रयासों से ही भारतीय संविधान में महिलाओं को समानता और सम्मान का अधिकार मिला है। भारतीय संविधान में प्राचीन परंपराओं और वेद पुराणों की मूल भावना को समाहित करने का श्रेय भी बाबा साहब को ही है। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के सभी विकासखण्डों में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के कृतित्व और व्यक्तित्व पर संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इनके माध्यम से बाबा साहब के विचारों और दर्शन को आमजनता तक पहुंचाया जा रहा है। संविधान की मूल भावना को समझने के लिए हमें डॉ. अम्बेडकर के विचारों को जानना आवश्यक है। संगोष्ठी में नगर परिषद अध्यक्ष हनुमना तथा जनपद सदस्य श्री गुड्डू सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक डॉ. रामानंद पटेल, अजय चतुर्वेदी, नवांकुर संस्थाओं और प्रेस्फुटन समिति के अधिकारी तथा आमजन उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### एटीएम से कैश निकालना होगा महंगा, इस दिन से बढ़ जाएंगे चार्ज

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** अगर आप अक्सर अपने बैंक के अलावा दूसरे बैंकों के एटीएम से कैश निकालते हैं या बैलेंस चेक करते हैं, तो यह खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। अगले महीने की शुरुआत के साथ ही अब एटीएम से पैसे निकालना महंगा होने वाला है। भारतीय रिजर्व बैंक ने एटीएम इंटरचेंज फीस में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है, और यह बढ़ा हुआ चार्ज 1 मई 2025 से लागू हो जाएगा। हर महीने की पहली तारीख को कई नियमों में बदलाव होते हैं और 1 मई से भी कई वित्तीय नियम बदलने जा रहे हैं, जिनमें एटीएम ट्रांजैक्शन से जुड़ा यह बदलाव भी शामिल है। अब होम बैंक नेटवर्क के बाहर किसी अन्य बैंक के एटीएम का उपयोग करने पर यूजर्स को पहले से अधिक शुल्क देना होगा। यह शुल्क मासिक मुफ्त लेनदेन सीमा समाप्त होने के बाद लागू होगा। केंद्रीय बैंक ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए यह शुल्क बढ़ाने की अनुमति दी है। रिपोर्टों के अनुसार, अब तक ग्राहक जब अपने बैंक के एटीएम के अलावा किसी दूसरे बैंक के एटीएम से मुफ्त सीमा के बाद पैसे निकालते थे, तो उन्हें प्रति ट्रांजैक्शन 17 रुपये का शुल्क देना पड़ता था। 1 मई से यह शुल्क बढ़कर 19 रुपये हो जाएगा। इसी तरह, दूसरे बैंक के एटीएम से बैलेंस चेक करने पर लगने वाला 6 रुपये का शुल्क भी बढ़कर 7 रुपये हो जाएगा। यह ध्यान रखना जरूरी है कि ये बढ़े हुए शुल्क तभी लागू होंगे जब आप अपने बैंक द्वारा तय की गई मुफ्त मासिक एटीएम लेनदेन सीमा पार कर लेते हैं। मेट्रो शहरों में, आप अपने बैंक के अलावा अन्य बैंकों के एटीएम से महीने में पांच बार मुफ्त लेनदेन कर सकते हैं, जबकि नॉन-मेट्रो शहरों में यह सीमा तीन लेनदेन की है। इस सीमा के बाद किए गए हर लेनदेन पर नया बढ़ा हुआ चार्ज लगेगा।

### एसबीआई के साथ लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ने साइन किया एमओयू, 18 लाख से ज्यादा लोगों को होगा फायदा

**नई दिल्ली ,ए.।** लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ने देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया है। इसके तहत सरकारी बैंक लैंड पोर्ट ऑथोरिटी को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेंगी, जिसमें फॉरेन एक्सचेंज, एक्सपोर्ट-इंपोर्ट, कार्ड पेमेंट सर्विसेज और कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज शामिल हैं। इससे 18 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चीफ जनरल मैनेजर देबाशीष मिश्रा ने बताया कि यह सभी बैंकिंग सर्विसेज लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर प्रदान की जाएंगी। फिलहाल लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के पास 15 एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स हैं और इनमें 11 और जुड़ने वाले हैं। आगे चलकर बैंक इसके हिसाब से ही अपनी सेवाओं का विस्तार करेगा। उन्होंने आगे कहा कि लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के जरिए करीब 18 लाख लोग हमारे देश से बाकी देशों जैसे नेपाल, भूटान और बांग्लादेश जाते हैं। बैंक इन सभी लोगों को जरूरी बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगा। एसबीआई के शीर्ष अधिकारी ने आगे बताया कि हमारे पास लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के आस-पास 11 ब्रांच हैं और आगे अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए नई ब्रांच या बैंकिंग आउटलेट खोलेंगे। मिश्रा के मुताबिक, बैंक की योजना अगले छह महीने में पश्चिम बंगाल में बांग्लादेश सीमा पर मौजूद पेत्रापोल और बिहार में नेपाल सीमा पर मौजूद रक्सौल समेत तीन एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स को कवर करने की है। जहां से 80 प्रतिशत लोग आते-जाते हैं। मिश्रा ने आगे बताया कि हम फिजिकल के साथ डिजिटल बैंकिंग सेवाएं भी लोगों को प्रदान करेंगे, जिसमें नेट बैंकिंग, फोन बैंकिंग, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, फॉरेन ट्रैवल कार्ड और पीओएस भी शामिल होगा। इससे इलाके के लोगों को वन-स्टॉप बैंकिंग सॉल्यूशन भी मिलेगा। एसबीआई देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक है। इसके पास 50 करोड़ से अधिक ग्राहक हैं और 22,500 से अधिक ब्रांचों के साथ इसकी उपस्थिति पूरे देश में है।

# कोलकाता ने रोमाचंक मुकाबले में दिल्ली को हराया

## सुनील नारायण बने प्लेयर ऑफ द मैच




**नई दिल्ली,एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2025 के 48वें मैच में 14 रनों से हरा दिया है. इस मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 209 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स जीत के लिए मिले 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 190 रन बना पाई और 14 रनों से मैच हार गई.

केकेआर से जीत के लिए मिले 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए दिल्ली की ओर से फाफ डु प्लेसिस और अभिषेक पोरेल पारी की शुरुआत करने के लिए आए. अभिषेक 4, करुण नायर 15, केएल राहुल 7, ट्रिस्टन स्टब्स और आशुतोष शर्मा 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे ज्यादा रन फाफ डु प्लेसिस ने बनाए. उन्होंने 45 बॉल में 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 62 रनों की पारी खेली. उनके अलावा कप्तान अक्षर पटेल ने भी 23 बॉल में 4 चौके और 3 छक्कों के साथ 43 रनों की तूफानी पारी खेली. अंत में टीम के लिए विप्रज निगम ने भी 19 बॉल में 5 चौके और 2 छक्कों के साथ 38 रनों की तूफानी पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रहे. कोलकाता के लिए सुनील नारायण ने 4 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट चटकाए. उनके अलावा वरुण चक्रवर्ती ने 2 विकेट हासिल किए. अनुकूल रॉय और वैभव अरोड़ा को 1-1 विकेट हासिल हुआ. इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया. केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 32 बॉल में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से सबसे ज्यादा 44 रनों की पारी खेली. उनके अलावा रिंकू सिंह ने 25 बॉल में 3 चौके और 1 छक्के के साथ 35 रनों का योगदान दिया. रहमानुल्लाह गुरबाज़ और अजिंक्य रहाणे ने 26-26 रनों की पारी खेली जबकि सुनील नारायण ने 27 रन बनाए. इस सभी बल्लेबाजों के योगदान के चलते केकेआर ने 209 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स की ओर से मिचेल स्टार्क ने 4 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट हासिल किए. उनके अलावा विप्रज निगम और कप्तान अक्षर पटेल को 2-2 विकेट हासिल हुए जबकि एक विकेट दुष्मंथा चमीरा को भी मिला. मुकेश कुमार और कुलदीप यादव दिल्ली के लिए खाली हाथ रहे।

# आरबीआई ने इंडसइंड बैंक परिचालन की निगरानी के लिए कार्यकारी समिति को दी मंजूरी




**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इंडसइंड बैंक के परिचालन की निगरानी के लिए एक अंतरिम समिति के गठन को मंजूरी दे दी है। यह समिति एक अंतरिम अवधि के लिए बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के कर्तव्यों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी, जब तक कि एक स्थायी सीईओ की नियुक्ति नहीं हो जाती। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह कदम इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुमंत कठपालिया द्वारा डेरिवेटिव अकाउंटिंग में चूक को लेकर अपने पद से इस्तीफा देने के बाद उठाया गया है, जिससे निजी क्षेत्र के बैंक की नेटवर्थ में गिरावट आई है।

स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बैंक ने बताया कि बोर्ड की एक निगरानी समिति की देखरेख में सौमित्र सेन (उपभोक्ता बैंकिंग प्रमुख) और अनिल राव (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी) वाली समिति, बैंक के दिन-प्रतिदिन के मामलों का प्रबंधन करेगी। इस निरीक्षण समिति की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष करेंगे और इसमें ऑडिट समिति; मुआवजा, नामांकन और पारिश्रमिक समिति और जोखिम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शामिल होंगे। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, आरबीआई की मंजूरी के आधार पर, बोर्ड ने बैंक के संचालन की देखरेख के लिए कार्यकारी समिति का गठन किया है। यह समिति बोर्ड की निरीक्षण समिति की देखरेख और मार्गदर्शन में बैंक के नए एमडी और सीईओ के कार्यभार संभालने तक या मौजूदा एमडी और सीईओ के कार्यमुक्त होने की तिथि से 3 महीने की अवधि तक कार्य करेगी। बैंक ने कहा कि वह शासन के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए अपने संचालन की स्थिरता और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। बुधवार को शुरुआती कारोबार में इंडसइंड बैंक के शेयर में गिरावट आई। एक स्वतंत्र ऑडिट द्वारा बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग विसंगतियों का पता चलने के बाद बैंक के डिप्टी सीईओ अरुण खुराना ने भी अपना पद छोड़ दिया है। बैंक के बोर्ड द्वारा नियुक्त एक पेशेवर फर्म द्वारा की गई जांच के निष्कर्ष 26 अप्रैल को प्रस्तुत किए गए। ऑडिट रिपोर्ट ने पुष्टि की कि गलत अकाउंटिंग प्रैक्टिस के कारण 31 मार्च, 2025 तक बैंक के प्रॉफिट और लॉस अकाउंट पर 1,959.98 करोड़ रुपए का प्रतिकूल संचयी प्रभाव पड़ा।

# दुष्मंथा चमीरा बने सुपरमैन, हवा में उड़ते हुए पकड़ा हैरतअंगेज कैच




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 का 48 वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है. इस मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा जो दिल्ली कैपिटल्स की ओर से आईपीएल में खेल रहे हैं, उन्होंने सभी को हैरान कर दिया. चमीरा ने मैदान पर मौजूद सभी दर्शकों को दंग कर दिया.

दरअसल, दुष्मंथा चमीरा ने दिल्ली और कोलकाता के बीच खेले जा रहे मैच में एक हैरतअंगेज कैच पकड़ा जो सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो गया. फैंस कमेंट कर इसे कैच ऑफ द टूर्नामेंट बता रहे हैं. चमीरा के इस कैच को जिसने भी देखा वो पूरी तरह से हैरान रह गया. बता दें कि, मिचेल स्टार्क कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी का अंतिम ओवर डालने के लिए आए. उन्होंने इस ओवर की चौथी गेंद अनुकूल रॉय को यॉर्कर लेंथ डालने की कोशिश की लेकिन गेंद सही लाइन और लेंथ पर नहीं गिरी. इस गेंद को बाएं हाथ के बल्लेबाज रॉय ने फ्लिक कर दिया. बॉल लगभग बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचने ही वाली थी कि दुष्मांता चमीरा ने हवा में उड़ते हुए एक हाथ से शानदार कैच पकड़ लिया. इस कैच को लेने के बाद उन्हें खुद यकीन नहीं हुआ की उन्होंने कैच पकड़ लिया है. जब स्टार्क को पता चला की चमीरा ने सफलतापूर्वक कैच को पकड़ लिया है तो उन्होंने विकेट लेने का जश्न मनाया. इस शानदार कैच के साथ ही अनुकूल रॉय शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौट गए. इस मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 209 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स की टीम जीत के लिए मिले 210 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अब तक 11 ओवर में 3 विकेट खोकर 110 रन बना चुकी है।

# पढ़ेगा ललितपुर, तभी तो बढ़ेगा ललितपुर, शिक्षा की जगायें अलख

**आठवीं कक्षा पास कोई भी विद्यार्थी माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश लेने से वंचित न रहे : डीएम**
**नौंवी कक्षा में प्रवेश लिये विद्यार्थियों का विद्यालयवार एवं बोर्डवार डाटा एकत्र करने हेतु जीआईसी प्रिंसिपल को दिये निर्देश**
**शिक्षा के महत्व को समझते हुए शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश दिलाने हेतु अभिभावकों से अपील**

**ललितपुर।** शिक्षा किसी भी क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए बुनियादी जरूरत होती है। ललितपुर में इसी जरूरत को पूरा करने के लिए जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी प्रत्येक स्तर पर लगातार प्रयास कर रहे हैं कि शिक्षा से कोई भी बच्चा वंचित नहीं रहने पाए। इसके लिए उन्होंने पहले बेसिक शिक्षा विभाग के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों व अध्यापकों को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों के नामांकन करने की निर्देश दिए थे अब उन्होंने जनपद के 137 माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 8 पास हुए सभी छात्र-छात्राओं के शप्रतिशत नामांकन की समीक्षा करने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों



को निर्देशित किया कि जनपद का कोई भी कक्षा 8 पास विद्यार्थी कक्षा 9 में प्रवेश लेने से वंचित न रहने पाये, इसके लिए उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कक्षा 8 पास विद्यार्थियों की विद्यालयवार व ब्लॉक वार संख्या को जाना और उसके सापेक्ष माध्यमिक के विद्यालयों में अब तक प्रवेश हुए छात्रों की संख्या को जाना। उन्होंने कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का विद्यालयवार राजकीय, अशासकीय एवं वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालय और इसी प्रकार से बोर्डवार यूपीबोर्ड, सीबीएससी बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड आदि बोर्डों व विद्यालयों में प्रवेश लिये विद्यार्थियों की संख्यात्मक आंकड़े एकत्रित करने के निर्देश प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज को दिये।

उन्होंने बीएसए को भी निर्देश दिये कि वह कक्षा 8 पास हुए विद्यार्थियों व उनके परिजनों से अपने अध्यापकों के माध्यम से सम्पर्क कर पता करें कि उन्होंने कक्षा 9 में नामांकन करा लिया है अथवा नहीं। और यदि नहीं करा पाये हैं तो उसका कारण भी पता करें, जिससे उन विद्यार्थियों की काउंसलिंग कराकर शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को जागृत किया जा सके। डीएम ने जनपद के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वह शिक्षा के महत्व को समझते हुए प्रत्येक दशा में अपने बच्चों को विद्यालयों में प्रवेश करायें, यदि इसमें कोई कठिनाई आती है तो वह सम्बंधित प्रधानाचार्य व शिक्षा के अधिकारियों से सम्पर्क करें, इसके बाद भी कोई समस्या है तो वे कभी भी जिलाधिकारी कार्यालय सम्पर्क कर सकते हैं।

# खेत-तालाब योजना में फर्जी भुगतान कराने का घोटाला उजागर

## भूमि संरक्षण अधिकारी ने तीन कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज करायी एफआईआर

**ललितपुर।** खेत तालाब योजना में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। इस योजना में भूमि संरक्षण अधिकारी ने कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक, वरिष्ठ प्रा.सहायक ग्रुप-बी और वरिष्ठ प्रा.सहायक ग्रुप-सी के खिलाफ सरकारी अभिलेखों में अधिकारियों व कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर भुगतान करने और राजकीय अभिलेख उपलब्ध न कराये जाने का गंभीर आरोप लगाया है। भूमि संरक्षण अधिकारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीनों कर्मियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। भूमि संरक्षण अधिकारी अनिल कुमार राय ने बताया कि कार्यालय में तैनात रहे शुभम तिवारी कनिष्ठ सहायक तत्कालीन प्रभारी लेखाकार, बिल लिपिक, डीबीटी कर्ता द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के कतिपय अभिलेखों में खेत तालाब, एनएमएसए योजना अन्तर्गत अमित व्याससे सम्बन्धित अभिलेख माप पुस्तिका, किसान समृद्धि योजना अन्तर्गत परियोजना कन्धारीकलां की माप पुस्तिका, किसान समृद्धि योजना अन्तर्गत परियोजना चुनगी/मावलेन व कंधारी कलां के दैनिक श्रमिक चिट्ठे, एनएमएसए योजना अन्तर्गत परियोजना खांदी तथा झांवर के बिल बाउचर व खेत तालाब योजना अन्तर्गत कतिपय लाभार्थियों के मांग पत्र तथा अमित व्यास तत्कालीन प्रा.सहा.ग्रुप सी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 की स्वयं से सम्बन्धित पत्रावलियां व माइक्रोप्लान इत्यादि कार्यालय के अभिलेख कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने को लेकर 15 मई 2024, 24 अगस्त 2024, 13 सितम्बर 2024, 24 सितम्बर 2024, 30 सितम्बर 2024, 5 फरवरी 2025, 4 फरवरी 2025, 13 फरवरी 2025, 6 मार्च 2025 द्वारा शुभम तिवारी को कार्यालय से 4 सितम्बर 2024, 13 सितम्बर 2024, 17 दिसम्बर 2024, 6 फरवरी 2025 एवं 18 फरवरी 2025 के द्वारा अभिलेख जमा करने के लिए उचित माध्यम से निर्देशित कर उच्चाधिकारियों के सहयोग से अनुरोध किया गया। आरोप है कि शुभम तिवारी ने लिखित पत्रों के क्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी ललितपुर कार्यालय में 30 जनवरी 2025 को उपलस्थित होते हुये लिखित रूप से अवगत कराया कि उनको उपलब्ध करायी गयी खेत तालाब की सूची के मांग पत्र एवं एनएमएसए योजना (खांदी व झांवर) के समस्त अभिलेख व किसान समृद्धि योजनान्तर्गत परियोजना चुनगी के श्रमिक चिट्ठे अमित व्यास के पास तथा परियोजना कंधारीकलां के समस्त अभिलेख अमित व्यास व रणजीत सिंह गुर्जर प्रा.सहा. ग्रुप सी के पास हैं, जिसके क्रम में फिर से इस कार्यालय के पत्र 13 फरवरी 2025 एवं अमत व्यास को पत्र 15 फरवरी 2025 द्वारा रणजीत सिंह गुर्जर को अभिलेख कार्यालय में जमा कराने के लिए कहा गया, किन्तु उक्त कर्मियों द्वारा अभी तक अभिलेख कार्यालय में जमा नहीं किये जा रहे हैं। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त कर्मियों द्वारा जानबूझ कर अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुये उक्त अभिलेख कार्यालय में जमा न कर राजकीय अभिलेख एक-दूसरे पर होने का प्रत्यारोप लगाते हुये उच्चाधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। ताकि उनके विरूद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच निष्कर्ष तक न पहुंच सके। इसके अलावा उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारी को गुमराह करते हुये शुभम तिवारी, अमित व्यास ने मिलीभगत करते हुये कर्मचारियों व अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर अभिलेखों को डीबीटी पोर्टल पर अपलोड कर अमित व्यास व शुभम तिवारी के परिचितों के खातों में भुगतान किया है। भूमि संरक्षण अधिकारी अनिल कुमार राय ने जालौन के उरई निवासी शुभम तिवारी, हमीरपुर निवासी अमित व्यास व झांसी निवासी रणजीत सिंह गुर्जर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही। कोतवाली पुलिस ने भूमि संरक्षण अधिकारी की तहरीर पर उक्त कर्मियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 (5), 318 (4), 338, 336 (4), 340 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**सीडीओ के पत्र पर शासन स्तर पर किये गये स्थानान्तरण**

खेत-तालाब योजना में अधिकारियों व कर्मचारियों के फर्जी हस्ताक्षर कर भुगतान निकालकर गबन के आरोप लगने के बाद जांच आख्या तलब करते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने शासन स्तर पर 28 मई 2024 को पत्राचार किया, जिस पर शासन स्तर पर तत्समय भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय में कनिष्ठ सहायक तत्कालीन प्रभारी लेखाकार/बिल लिपिक/डीबीटी कर्ता शुभम तिवारी एवं तत्कालीन प्रा.सहा. ग्रुप-सी पर अनियमित्ताओं के चलते अपर कृषि निदेशक (प्रशासन) कृषि निदेशालय उप (मुख्यालय प्रशासन अनुभाग) लखनऊ के आदेश 29 जून 2024 द्वारा प्रशासनिक आधार पर शुभम तिवारी को जांच पूरी होने तक उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर जालौन के अधीन एवं अमित व्यास का स्थानान्तरण अपर कृषि निदेशक (प्रशासन) कृषि निदेशालय के आदेश पर 29 जून 2024 को प्रशासनिक आधार पर उप कृषि निदेशक हमीरपुर के अधीन किया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## पड़ौसियों पर मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली अंतर्गत ग्राम जरया में रहने वाले नन्दकिशोर पुत्र स्व.रामदीन बुनकर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते मंगलवार को रात करीब 9 बजे वह घर के दरबाजे पर बैठा हुआ था। तभी पड़ौस में रहने वाले काशीराम पुत्र अजुद्दी, ध्रुव पुत्र बच्चूलाल, मुलायम पुत्र अजुद्दी लोधी अपने एक अज्ञात साथी के साथ एकराय होकर आये और शराब के नशे में धुत्त होकर उसे व उसके परिजनों को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठियों से मारपीट करने लगे। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने आयी उसकी 60 वर्षीय मां सुखवती के साथ भी गालियां देते हुये मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## लोडिंग टैक्सी की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला सिविल लाइन निवासी राजकुमार जैन पुत्र स्व.हजारीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 12 अप्रैल को रात करीब 9 बजे वह घर से घण्टाघर की ओर स्कूटी से धीमी गति से चलाते हुये सावधानी पूर्वक अपनी साइड से आ रहा था। वह मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के गेट तक पहुंचा ही था कि तभी लोडिंग टैक्सी संख्या यू.पी.94 टी 8189 के चालक ने तेजी व लापरवाही से टैक्सी चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गया और उसकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गयी। इस दुर्घटना में उसके दांये हाथ की दो अंगुलियां कट गयीं और दांये पैर में गंभीर चोट आयी। आरोप है कि टैक्सी चालक घटना को अंजाम देकर भाग निकला। मौके पर मौजूद राहगीरों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## डिस्कवर की टक्कर से स्कूटी सवार युवती घायल

**ललितपुर।** मोहल्ला सदनशाह सिविल लाइन निवासी सामिया परवीन पुत्री मोहम्मद लतीफ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 9 अप्रैल को अपराह्न करीब 2.20 बजे वह कचहरी चौराहा से स्कूटी नं. सी.जी. 04 एच.यू. 9956 पर सवार होकर गुजर रही थी। तभी सामने उल्टी दिशा से आ रही मोटर साइकिल बजाज डिस्कवर संख्या यू.पी.94 एफ 5881 के चालक थाना जाखलौन के ग्राम बारौद व हाल नई बस्ती निवासी राहुल पुत्र रविशंकर उर्फ रिंकू ढिमोले ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह स्कूटी समेत गिर गयी। इस दुर्घटना में उसके हाथ की दोनों हडिडयां टूट गयीं। आरोप है कि डिस्कवर चालक बिना रूके ही वहां से भाग निकला। घायलावस्था में उसे राहगीरों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## प्रयागराज एक्सप्रेस से यात्री का पिट्ठू बैग चोरी

ललितपुर। प्रयागराज एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान अज्ञात चोर ने चलती ट्रेन से यात्री का पिट्ठू बैग चोरी कर लिया। बैग में लैपटॉप समेत अनेकों सामान चला गया। यात्री ने मामले की सूचना जीआरपी पुलिस को थाने में जाकर दी। सूचना के आधार पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। जिला बांदा के रहने वाले आमोद हृदयांश द्विवेदी ने जीआरपी पुलिस को दी सूचना में बताया कि वह बीती 14 अप्रैल को ट्रेन संख्या 14116 प्रयागराज एक्सप्रेस के कोच संख्या ए-1 की सीट नं. 5 पर बांदा से संत हिरदाराम नगर भोपाल के लिए यात्रा कर रहा था। रात करीब 12 बजे वह अपने साथ लिये पिट्ठू बैग को सीट पर रखकर सो गया। बताया कि जब उसकी नींद खुली तो उसने सीट पर देखा तो उसका बैग गायब था। उसने बैग को पूरी कोच में तलाश किया और सफर कर रहे सह यात्रियों से भी जानकारी की। लेकिन कोई पता नहीं चला। आमोद के अनुसार उसके बैग में 60 हजार रुपये कीमत का एक लैपटॉप, एक स्मार्ट घड़ी, एक मोबाइल चार्जर, चार पेन ड्राईव, एक कैलकुलेटर, एक डायरी, कुछ फाइलें, आधार कार्ड, वोटर कार्ड व अन्य सामान रखे हुये थे, जिनकी कुल कीमत करीब 63 हजार रुपये है। बताया कि उसने बीना रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ से शिकायत की, जिन्होंने उसका नाम, पता लिखकर भोपाल में शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा। आमोद ने बताया कि वह यात्रा पूरी कर संत हिरदाराम नगर उतर गया और अब शिकायत दर्ज करायी है। पीड़ित की सूचना पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया

**ललितपुर।** सिद्धक्षेत्र श्रीचंडी मंदिर स्थित ब्राह्मण महामंडल धर्मशाला में ब्राह्मण महामंडल जिलाध्यक्ष अशोक पटैरिया की अध्यक्षता में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सुबह 10 बजे सभी विप्रजनों की उपस्थिति में ब्राह्मण महामंडल जिलाध्यक्ष ने सीताराम गोस्वामी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और स्वस्ति वाचन के साथ भगवान परशुराम की चित्र पर माल्यार्पण कर आरती पूजन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी रामलीला हनुमान जयंती समिति अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी, मदन शर्मा, पार्षद मनमोहन चौबे एड., संरक्षक सदस्य प्रेस क्लब पवन संज्ञा ने भगवान परशुराम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने से मिलता सुकून

**ललितपुर।** जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने में गजब की सुखद अनुभूति का एहसास होता है। ऐसे में बस यूं हीं मुंह से निकल जाता है कि एक बार रक्तदान कर देखो तो बड़ा ही सुकून मिलता है। यह कहना है अब तक 6 वीं बार रक्तदान करने वाले गांधीनगर के सुरेंद्र साहू। उन्होंने कहा कि पिता से रक्तदान करने की प्रेरणा मिलने के बाद स्वयं रक्तदान करने की ठान ली। अब तो ऐसा लगता है कि कब किसी जरूरतमंद का फोन आए और हमारे रक्त से उसकी जान बच सके। पिता से मिली प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए अब पुत्र को भी रक्तदान करने के लिए आगे बढाया हूं और 6 बार उससे रक्तदान कराया। वह कहते हैं कि रक्तदान करने की अब तो मानो आदत सी लग गई है और बस इसी स्लोगन के साथ रक्तदान करने को अग्रसर रहता हूं कि खून देकर देखो सुकून मिलता है। 28 वर्षीय सुरेंद्र साहू कहते हैं कि जब 18 की उम्र हुई तो पहली बार रक्तदान किया। शुरू में रक्तदान करने में अंदर से थोडा डर व



असहज सा महसूस हो रहा था, लेकिन एक बार रक्तदान करते ही भय मन से भाग गया। उसके बाद तो उत्साह के साथ रक्तदान करने में आनंद आता है कि मेरा रक्त किसी को काम आया। अब तो इंतजार रहता है कि कब रक्त के लिए फोन आए और स्टाफ के भरोसे दुकान छोड़कर रक्तदान करने चला जाऊं। इनसे प्रेरणा लेकर निरंतर रक्तदान करता रहा हूं और कोशिश करता हूं कि साल में चार बार रक्तदान जरूर करें। पहले असंगठित कर्मकार मजदूरी यूनियन का सदस्य रहते हुए दान करता था और हूं। अमित प्रजापति का असंगठित कर्मकार मजदूरी में अध्यक्ष। कहना है कि रक्तदान करने के बाद सहसा यही मुंह से निकला था कि आज मेरा रक्त मेरे अपने के काम आया। ऐसे में लोगों से अपील है कि रक्तदान करने की दिशा में अपना कदम बढाएं और जरूरतमंद की जान अपना रक्त देकर बचाएं और दूसरों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें। इस दौरान अमित प्रजापति, देवेंद्र साहू पत्रकार, महेंद्र, जगदीश आदि लोग मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की चतुर्थ अन्तर्विभागिय समीक्षा बैठक सम्पन्न

**ललितपुर।** कलैक्ट्रेट स्थित सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में माह अप्रैल 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के संचालन हेतु चतुर्थ अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने अभियान की अब तक सम्पन्न हुई गतिविधियों के फीडबैक को प्रस्तुत किया। जिसमें पंचायतीराज विभाग द्वारा सम्पन्न की जाने वाली गतिविधियां ग्रामों में झाडि़यों की कटाई, नालियों की सफाई, जलजमाव तथा महिला एवं बाल विकास विभाग (आई.सी.डी.एस.) की गतिविधि आंगनबाडि़यों का घर-घर भ्रमण एवं स्वास्थ्य विभाग की गतिविधि आशा का घर-घर भ्रमण का मॉनीटरिंग फीडबैक राज्य औसत से कम रहा। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने विभागों द्वारा किए गये कार्यों की चतुर्थ सप्ताह की उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होनें बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से जनपद वासियों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव व उपचार के बारे में जागरूक किया




जा रहा है। साथ ही सम्बन्धित विभिन्न विभागों से नियमित सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाया जा रहा है। उन्होनें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए कहा। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने बताया कि सभी ब्लॉकों पर 05-05 लीटर लार्वीसाइड दवा उपलब्ध करा दी गयी है तथा तीनों नगर पंचायतों एवं नगर पालिका को भी लार्वीसाइड दवा टेमीफॉस प्राप्त करायी है जो कि जिला पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों के द्वारा गांव में छिड़काव किया जायेगा, जिससे संचारी रोगों से होने वाली बीमारियों से बचाव किया जा सके। डीएम ने पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि जिन गतिविधियों का जनपद ललितपुर का मानीटरिंग फीडबैक राज्य औसत मानीटरिंग फीडबैक से कम है, उन गतिविधियों को शत-प्रतिशत सम्पन्न करवायें, जिससे जनपद का औसत फीडबैक राज्य औसत फीडबैक से ज्यादा हो सके।

# ई-सिक जागरूकता सत्र एवं मुफ्त चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

## एलपीजीसीएल ने किया आयोजन, लोगों को मिला लाभ

**ललितपुर।** ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में ई-सिक जागरूकता सत्र एवं मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बताया गया है कि ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में एक ईएसआईसी जागरूकता सत्र सह मुफ्त चिकित्सा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में लगभग 150 कामगारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ईएसआईसी अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को ई-सिक की विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का तत्काल समाधान भी किया। जागरूकता सत्र के उपरांत सभी उपस्थित लोगों का मुफ्त चिकित्सा परीक्षण किया गया तथा लगभग 150 कामगारों एवं कर्मचारियों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। जिससे कार्यस्थल पर एक सकारात्मक एवं सहयोगी वातावरण का संचार हुआ। इस दौरान




ईएसआईसी की ओर से मेडिकल ऑफिसर/प्रभारी डा. रचना पिपरी, आईएमओ डा. पुष्पेन्द्र कुमार, आईटी एवं मुख्य फार्मसिस्ट राजेन्द्र सिंह राठौर, एएनएम सुश्री सुनीता कुमारी, सहायक अशोक कुमार, सहायक संतोष कुमार, सहायक सुश्री सोना देवी, सहायक सुश्री ज्वाला देवी, एलपीजीसीएल से अध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव, मानव संसाधन एवं प्रशासन उपाध्यक्ष अखिलेश खुरसवार, ईएचएस उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, डा. बी.के. सिंह, सुजीत चंद्रा, शंभूनाथ मिश्रा, त्रिभुवन नारायण तिवारी आदि मौजूद रहे। अंत में अधिकारियों ने ईएसआईसी के प्रति जागरूकता को बढ़ाया बल्कि स्वास्थ्य और कल्याण को भी सुदृढ़ किया।

# नगर पालिका क्षेत्र में अवॉर्ड हाउस का भव्य शुभारंभ

## एक ही छत के नीचे मिलेंगी प्रिंटिंग और गिफ्टिंग की अनेक सुविधाएं

**ललितपुर।** स्थानीय व्यवसायिक गतिविधियों को नया आयाम देते हुए डा.शादीलाल कॉम्प्लेक्स में अभय जैन द्वारा स्थापित अवॉर्ड हाउस का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक, व्यापारीगण और समाजसेवी उपस्थित रहे। समारोह में फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया गया, साथ ही मिठाई वितरण और पूजा-अर्चना का आयोजन भी हुआ। अवॉर्ड हाउस की खासियत यह है कि यहां एक ही छत के नीचे



ग्राहकों को त्वरित प्रिंटिंग, गिफ्टिंग, कस्टमाइज्ड ट्रॉफी एवं अवॉर्ड्स, कॉर्पोरेट गिफ्ट्स और डिजिटल प्रिंटिंग सेवाएं मिलेंगी। प्रतिष्ठान की यह पहल स्थानीय ग्राहकों के लिए सुविधा का केंद्र बन सकती है, जहां विभिन्न सेवाएं समय और गुणवत्ता के साथ उपलब्ध होंगी। अभय जैन ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि लोग अलग-अलग जगह भटकने की बजाय एक ही स्थान पर अपनी सभी ज़रूरतें पूरी कर सकें। चाहे वह किसी इवेंट के लिए ट्रॉफी हो या कंपनी के लिए कस्टम गिफ्ट्स, सब कुछ यहीं मिलेगा। स्थानीय व्यापारियों और ग्राहकों ने अवॉर्ड हाउस के शुभारंभ का स्वागत किया और इसे नगर के विकास के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। अवॉर्ड हाउस निश्चित ही नगर पालिका क्षेत्र में व्यवसायिक सेवाओं के स्तर को नई ऊंचाई देगा।

# ऑनलाईन टॉस्क से प्रतिदिन हजार रूपये कमाने में लालच में युवक ने गवांए 11 लाख

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के गोलबाजार क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने ऑनलाइन टेलीग्राम टास्क के जरिए प्रतिदिन हजार रूपये कमाने के लालच में 11 लाख रूपये गवां दिये। युवक के साथ होटल बुकिंग और रिव्यू टास्क के नाम पर 11 लाख 22 हजार 382 रुपये की ठगी की गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी अनुसार गोलबाजार क्षेत्र में रहने वाले प्रतीक खंडाईतमेहर को 11 जनवरी 2025 को उन्हें एक अज्ञात नंबर से ज्योति नाम की महिला का फोन आया। महिला ने खुद को इजमाईट्रीप कंपनी से जुड़ा बताते हुए ऑनलाइन टॉस्क कर प्रतिदिन 500 से 1000 रुपये कमाने का ऑफर दिया। इसके बाद प्रतीक को टेलीग्राम पर ऐश्वर्या एन नामक एक एचआर स्क्रूटर से जोड़ा गया, जिसने उन्हें इजमाईट्रीप डॉट शॉप/बुकिंग लिंक पर रजिस्ट्रेशन करने को कहा। प्रतीक ने अपनी व्यक्तिगत जानकारी और बैंक डिटेल्स देकर रजिस्ट्रेशन पूरा किया, जिसके बाद उन्हें इजमाईट्रीप ऑनाईन कॅस्टमर सर्विस नामक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। यहां उन्हें होटल और फ्लाइट बुकिंग के रिव्यू से संबंधित टास्क दिए गए। शुरुआत में 14 जनवरी को 16 टास्क पूरे करने पर उन्हें 779 रुपये मिले, जिससे उनका विश्वास और बढ़ गया। इसके बाद, 15 से 20 जनवरी के बीच विभिन्न टास्क के लिए उनसे अलग-अलग बैंक खातों में बार-बार पैसे जमा करवाए गए। कुल मिलाकर प्रतीक ने 11 लाख 22 हजार 382 रुपये की राशि भगवती लाल जाट, गौरव नायक, धग्गा राम, अरबाज खान, सपना भार्वा और निर्मल टाक जैसे व्यक्तियों के खातों में स्थानांतरित की। ठगों ने प्रतीक को 120 प्रतिशत बोनस और डेढ़ गुना रिटर्न का झांसा दिया, लेकिन टास्क पूरा करने के बावजूद कोई भुगतान नहीं किया गया। उल्टा, उनसे 8 लाख और फिर 4 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की गई। पैसे न देने पर उन्हें धमकी भी दी गई। 23 जनवरी को प्रतीक ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज की और 29 अप्रैल को गोलबाजार थाने में लिखित आवेदन दिया। प्रतीक ने बताया कि उन्होंने यह राशि अपने परिवार, व्यापारियों और पर्सनल लोन से जुटाई थी और अब मानसिक रूप से बेहद परेशान हैं। गोलबाजार थाना प्रभारी ने बताया कि फिलहाल टेलीग्राम ग्रुप, संबंधित बैंक खातों और ट्रांजेक्शनों की जांच की जा रही है। साइबर क्राइम सेल की मदद से आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

## एक मई को श्रम दिवस पर राजधानी में होंगे कई कार्यक्रम

**रायपुर।** राजधानी में एक को मई दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के हितों में कई निर्णय लिए जा रहे हैं। श्रमिक संगठनों द्वारा विभिन्न स्थानों पर रैलियां निकाली जाएगी। शासन द्वारा मिली जानकरी के अनुसार श्रम विभाग के तीन मंडल छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण मंडल, श्रम कल्याण मंडल एवं सुरक्षा मंडल द्वारा श्रमिकों को 500 करोड़ रूपए दिए जा चुके हैं। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मजदूरों के लिए छात्रावृत्ति योजना, महतारी जतन योजना, निःशुल्क गणवेश, सहायता राशि सहित अन्य योजनाएं संचालित की जा रही है। चालू वित्तीय

# जंबूरी दशहरा मैदान में हुआ सर्व समाज कन्या विवाह सम्मेलन

## राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने 108 जोड़ों को दिया आशीर्वाद



**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहभागिता की और नवविवाहित जोड़ों को प्रेम, समर्पण और एक दूसरे के प्रति स्नेह, विश्वास से भरे जीवन की शुभकामनाएं दीं। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र के जम्बूरी मैदान में सर्व समाज कन्या विवाह योजना के तहत 108 जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्य व समृद्धि का पावन पर्व अक्षय तृतीया आप सभी के जीवन में उन्नति, संपन्नता और प्रसन्नता लेकर आए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के गरीब परिवारों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए हमारी सरकार निरंतर अच्छा करने का प्रयास कर रही है। ऐसे परिवार जो आर्थिक कठिनाई के कारण से बेटे-बेटियों के विवाह संपन्न नहीं कर पा रहे थे, हमारी सरकार ने ऐसे परिवारों का सहारा बनने का संकल्प लिया है। महापौर श्रीमती मालती राय, श्री विनोद कुमार साहू, श्रीमती ममता विश्वकर्मा, श्रीमती छाया ठाकुर, श्रीमती उर्मिला मौर्य, श्री संतोष ग्वाला, श्री शिवलाल मकोरिया, श्री मनोज विश्वकर्मा, श्री संजय शिवनानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नवविवाहित जोड़ों के परिजन इस अवसर पर मौजूद थे।

# युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**मुरैना।** दिमनी थाना क्षेत्र के ग्राम ऐसा में निवास करने वाले जितेन्द्र पुत्र पूरन माहौर उम्र 35 साल ने अपने घर के कमरे में फांसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुँच कर शव को फन्दे से नीचे उतारकर उसका मौका पंचनामा बनाकर शव का पीएम कराकर उसक उसके परिजनो को सौपकर फरियादी पूरन पुत्र दर्शन माहौर की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# रक्तदान एक महादान, जो हर व्यक्ति को समय-समय पर करते रहना चाहिये

**मुरैना।** रक्तदान जीवन दान है, जो हमारे द्वारा किया गया, रक्तदान कई जिन्दगियों को बचाता है। इस बात का अहसास हमे जब होता है, तब हमारा कोई अपना खून की कमी होने पर जिदंगी और मौत के बीच झूझता है। जिनमें गर्भवती महिलाएं, किशोरी बालक, बालिकाएं, दुर्घटना से ग्रस्त कोई भी हो सकता है। देशभर में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किये जा रहें है, परन्तु अब यह प्रयास सार्थक होंगे। सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया है कि रक्तदान करने के लिए हम अपने मित्रों, रिश्तेदारों को भी आगे आने के लिए प्रेरित करेंगे। रक्तदान कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जिसकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो, जिसका वजन 45 किग्रा. से अधिक हो। जिसके रक्त में हिमोग्लोबिन 12.5 प्रतिशत से अधिक हो। रक्तदान करने के लिये जिला चिकित्सालय के नवीन भवन में 3 मंजिल पर ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान हेतु आवश्यक सलाह शासकीय समय में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. निखिल जैन के मोबाइल नंबर 7974662672 से सपर्क कर सकते उन्होनें बताया कि 1 रक्त यूनिट से 3 लोगों की जिदंगी बचा सकते है। जिला चिकित्सालय मुरैना में कम्पोनेंट सेपरेशन की भी व्यवस्था है, जिससे जरूरतमंद लोंगों में प्लाजमा, पेक्डसैल एवं डेंगू के मरीजों हेतु प्टललेटस की उपलब्धता जिला चिकित्सलाय में उपलब्ध है। 24 घंटे रक्तदान करने की सुविधा उपलब्ध है। आप बर्थडे एवं शादी की सालगिरह पर रक्तदान कर सकते है। डिप्टी मीडिया ऑफिसर श्रीमती रामलली माहौर ने एएनसी वार्ड में जाकर लोगों को ब्लड देने हेतु जानकारी दी। रक्त देने में 10 से 15 मिनट का समय लगता है। रक्तदान के बाद व्यक्ति प्रतिदिन जो आहार लेता है, उसी से खून की पूर्ति हो जाती है। कार्यक्रम प्रबंधक ने आमजन से अपील की है कि रक्तदान एक महादान है, जो हर व्यक्ति को समय-समय पर करते रहना चाहिए, जिससे किसी भी बीमार व्यक्ति की मदद हो सकें।

# युवती ने जहर गटका, उपचार के दौरान मौत

**मुरैना।** कैलारस थाना क्षेत्र में निवास करने वाली युवती रितु पुत्री मेघ सिंह राठौर उम्र 17 साल ने अपने घर पर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था जिससे उसकी तवियत खराब होने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# 2 मई को सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

## ''एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम'' अभियान में होगा पौध-रोपण

**मुरैना।** मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति साझा संकल्प है। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता' कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिये जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं तथा लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ''एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम'' अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा पौध-रोपण भी किया जाएगा। साथ ही लाड़ली बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में लाड़ली क्लब की सदस्य बालिकाएं अपने अनुभव भी साझा करेंगी।

# अवैध हथियारधारी धरे

**मुरैना।** जिले की कोतवाली एवं अम्बाह पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से अलग-अलग दविश देकर अवैध हथियार धारियो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार जप्त किए है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि श्रीराम कॉलौनी के पास कुछ लोग अवैध हथियार लेकर किसी वारदात की नियत से घूम रहे है इस सूचना पर से पुलिस ने दविश देकर आरोपी माखन उर्फदीपू गूर्जर पुत्र स्व. दीवान सिंह गुर्जर निवासी तुस्सीपुरा वृजबढी चिन्नौनी एवं हेमसिंह गुर्जर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक 315 बोर की अधिया एक कट्टा मय दो जिन्दा राउण्ड के जप्त कर आरोपियो के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इसी प्रकार अम्बाह थाना पुलिस ने माखन वाटिका गार्डन के पास से आरोपी रामनिवास गुर्जर पुत्र जगदीश गूजर निवासी दलजीत का पुरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 32 बोर की पिस्टल 6 जिन्दा राउण्ड जप्त कर आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# संबल योजना के तहत ग्वालियर जिले के 387 हितग्राहियों के खातों में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहुँचाई 8 करोड़ 42 लाख रूपए की अनुग्रह सहायता

**जिले के 1,13,511 किसानों के खातों में किसान कल्याण योजना के तहत भी, पहुँचाए 22.70 करोड़ रूपए, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने धार जिले के उमरबन में आयोजित हुए कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के जरिए ग्वालियर सहित प्रदेश भर के हितग्राहियों के खातों में पहुँचाई धनराशि, कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष से जिले के किसान व संबल योजना के हितग्राही भी बने इस आयोजन के साक्षी**




**ग्वालियर।** संबल योजना के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को धार जिले के उमरबन में आयोजित हुए कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के जरिए ग्वालियर जिले के 387 प्रकरणों सहित प्रदेश के कुल 27 हजार 523 प्रकरणों में 600 करोड़ रूपए की धनराशि अंतरित की। जिसमें ग्वालियर जिले के 387 हितग्राहियों के खातों में पहुँची 8 करोड़ 42 लाख रूपए की धनराशि शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कार्यक्रम से ही सिंगल क्लिक के जरिए मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत मौजूदा वित्तीय वर्ष की प्रथम किस्त के रूप में ग्वालियर जिले के एक लाख 13 हजार 511 किसानों के खातों में लगभग 22 करोड़ 70 लाख रूपए की धनराशि भी अंतरित की। यहाँ ग्वालियर कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें संबल योजना के हितग्राही व मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से जुड़े किसानों ने भाग लिया। बुधवार को यहाँ कलेक्ट्रेट में एनआईसी कक्ष में आयोजित हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह, अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, संयुक्त कलेक्टर श्री विनोद सिंह, सहायक आयुक्त श्रम श्रीमती संध्या सिंह व श्री दीपक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

# नीट परीक्षा के लिये ग्वालियर शहर में 26 केन्द्र बनाए गए

## 4 मई को होगी नीट परीक्षा

**ग्वालियर।** नीट परीक्षा के लिये ग्वालियर में 26 केन्द्र बनाए गए हैं। इन केन्द्रों पर 10 हजार 723 परीक्षार्थी नीट परीक्षा देंगे। नीट परीक्षा 4 मई को दोपहर 2 बजे से सायंकाल 5 बजे तक होगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देशन में ग्वालियर में नीट परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिये व्यापक तैयारियां की गई हैं। परीक्षा के लिये बनाए गए 26 केन्द्रों में से 13 ङ्क 13 परीक्षा केन्द्रों पर एक सिटी समन्वयक नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी केन्द्रीय विद्यालय नं.-1 के प्राचार्य श्री राजेश पाण्डेय (मोबा. 9796800810) एवं केन्द्रीय विद्यालय क्र.-3 के प्राचार्य श्री रोहित सक्सेना (मोबा. 9460475735) को सौंपी गई है। नोडल अधिकारी श्री राजेश पाण्डेय के क्षेत्रांतर्गत आने वाले परीक्षा केन्द्रों के प्रश्न पत्र केनरा बैंक दाल बाजार तथा केनरा बैंक शिंदे की छावनी में रखे जायेंगे। इसी तरह नोडल अधिकारी श्री रोहित सक्सेना के क्षेत्र में आने वाले परीक्षा केन्द्रों के प्रश्न पत्र केनरा बैंक शिंदे की छावनी तथा एसबीआई सिटी सेंटर में रखे जायेंगे। परीक्षा दिवस के दिन परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों द्वारा बैंक से पुलिस अभिरक्षा में पेपर लिए जायेंगे तथा परीक्षा उपरांत अपने-अपने नोडल अधिकारी कार्यालय प्राचार्य केवी ङ्क 1 तथा प्राचार्य केवी ङ्क 3 में जमा किए जायेंगे। पेपर की सामग्री कब प्राप्त करना है इसकी जानकारी एनटीए द्वारा दी जायेगी।

# जिले के 6 और पेट्रोल पंपों पर 10 शक्ति दीदियाँ संभालेंगीं फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी

## कलेक्टर, एसएसपी एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर करेंगे, शक्ति दीदियों का उत्साहवर्धन, 35 शक्ति दीदियाँ पहले से ही कर रहीं हैं यह काम

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में ÷शक्ति दीदी÷ के नाम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप प्रेरणादायी पहल हुई है। इस पहल से जरूरतमंद महिलाओं को लगातार सहारा मिल रहा है। शक्ति दीदी योजना के तहत महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में जिला प्रशासन द्वारा नौकरी दिलाई जा रही है। श्रमिक दिवस एक मई के अवसर पर ÷शक्ति दीदी÷ पहल के तहत 10 और जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। ज्ञात हो शक्ति दीदी के तहत पहले से ही शहर में 35 महिलाएं यह भूमिका सफलतापूर्वक निभा रही हैं। गुरुवार को 10 और महिलाओं के जुड़ जाने से जिले में शक्ति दीदियों की संख्या 45 हो जायेगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर महिलाओं को ÷शक्ति दीदी÷ के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलायेंगे। साथ ही उनका उत्साहवर्धन करेंगे। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एक मई को प्रात÷ 11.30 बजे पिछोर तिराहा डबरा स्थित सोनी फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर सुश्री मंजू श्रीवास्तव व सुश्री रजनी राजपूत एवं रनवीर फिलिंग स्टेशन भितरवार रोड डबरा पर सुश्री राजकुमारी दौनेरिया व सुश्री सोनिया जोशी को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपेंगे। इसी तरह ग्वालियर में रेसकोर्स रोड स्थित केसर सर्विस पेट्रोल पंप पर एसडीएम लश्कर श्री नरेन्द्र बाबू यादव, सुश्री निशा अहिरवार व सुश्री मनीषा अहिरवार को फ्यूल डिलेवरी वर्कर का दायित्व सौंपेंगे। जलालपुर चौराहा स्थित कमलजीत फिलिंग स्टेशन पर सुश्री आरती एवं ऋतुराज होटल के समीप स्थित राधिका मोहन फिलिंग स्टेशन पर सुश्री ममता जाटव व सुश्री चन्द्रा अहिरवार को जिला आपूर्ति नियंत्रक शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपेंगे। लक्ष्मीगंज स्थित जैन ब्रदर्स पेट्रोल पंप पर सुश्री भावना कुशवाह शक्ति दीदी योजना के तहत फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी संभालेंगीं।

# थाना तिघरा क्षेत्र में कैथा गांव के पास कट्टा अड़ाकर महिला के गहने व नगदी लूटने वाले दो लुटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** फरियादी नारायण सिंह कुशवाह निवासी ग्राम तालपुरा थाना तिघरा जिला ग्वालियर ने थाना तिघरा में रिपोर्ट लेख कराई थी कि दिनांक 22.04.2025 के शाम को वह अपनी पत्नी व बच्चा के साथ बिलगांव कुआरी थाना कैलारस जिला मुरैना से शादी से आ रहा था। वह जैसे ही कैथा गांव के पुलिया के पास आया तो मेरे पीछे से एक लाल रंग की मोटर साईकिल पर 03 अज्ञात लोग मुंह पर कपड़ा बांधे हुए आये और उन्होने मेरी मोटर साईकिल को रोक लिया, दो लोग हाथों में देशी कट्टा लिये हुऐ थे। जिन्होने मुझे एवं मेरे लड़के के सामने कट्टा लगा दिया। एक ने मेरी पत्नी के पहने हुये गहनों की छीना झपटी करना शुरु कर दी। मेरी पत्नी के कानों की 01 जोड़ी सोने की झुमकी, 01 नग सोने के मंगल सूत्र, 02 नग सोने का पेन्डल, 01 नग चांदी की करधौनी सभी पुराने इस्तेमाली एवं मेरी पत्नी से 5000 रूपये नगद छीन लिये। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना तिघरा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अप0क्र0 29/25 धारा 309(6) बीएनएस एवं 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कट्टा अड़ाकर हुई उक्त लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे द्वारा प्रकरण में वांछित सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना तिघरा पुलिस की टीम को लगाने हेतु अति. पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर को निर्देषित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषानुसार सीएसपी ग्वालियर श्रीमती किरण अहिरवार के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तिघरा निरीक्षक षिवकुमार शर्मा के द्वारा थाना बल की टीम को उक्त लूट के प्रकरण में वांछित अज्ञात आरोपियों की पतारसी कर पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाष हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया।

दिनांक 29.04.2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त लूट की घटना करने वाले बदमाष धार वाला पुल के पास मौजूद है। सूचना पर थाना प्रभारी तिघरा के नेतृत्व में पुलिस टीम धार वाला पुल के पास पहुंचे और आड़ में छिपकर देखा तो मुखबिर के बताये हुलिये के दो व्यक्ति धार वाला पुल के नीचे घास के मैदान मे बैठे हुए दिखे। पुलिस टीम को देखकर उनके द्वारा मौके से भागने का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस टीम द्वारा चारों तरफ से घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर एक व्यक्ति ने ग्राम सीडना का पुरा थाना तिघरा हाल भूपेन्द्र सिंह गुर्जर का किराये का मकान भगत सिंह नगर थाना गोले का मंदिर जिला ग्वालियर (म.प्र.) एंव दूसरे ने ग्राम पारसेन थाना बिजौली जिला ग्वालियर (म.प्र.) का होना बताया। पुलिस द्वारा पकड़े गये दोनों संदिग्धों से उक्त लूट के प्रकरण के संबंध में पूछताछ की तो उनके द्वारा पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया लेकिन गहनता से पूछताछ करने पर उसने द्वारा दिनांक 22.04.2025 को अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर कैथा गांव तिराहा की पुलिया के पास कट्टा दिखाकर मोटर साइकिल सवार दंपत्ति के साथ सोने चांदी के आभूषण एवं 5000 रूपये नगदी की लूट करना स्वीकार किया।

ग्वालियर पुलिस थाना तिघरा पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपियों से लूटे गये माल के संबंध में पूछताछ करने पर ग्राम सीडना का पुरा थाना तिघरा निवासी आरोपी की निषादेही पर उसके नीले स्लेटी रंग के बैंग से एक 315 बोर का देशी कट्टा, 05 जिंदा कारतूस, 02 की पैड मोबाईल, एक लोहा काटने का बड़ा कटर, 03 पेचकस, एक मोबाईल सेमसंग कम्पनी का एवं 2500 रूपये नगद तथा अन्य सामान जप्त किये। ग्राम पारसेन थाना बिजौली जिला ग्वालियर निवासी दूसरे आरोपी के पास मिले लाल रंग के पिटठू बैग से एक 315 बोर का देशी कट्टा, 03 जिंदा कारतूस, एक मोबाईल चार्जर सफेद रंग का, ओप्पो कम्पनी का मोबाईल व 2000 रूपये नगद तथा अन्य सामान जप्त किये। उक्त दोनो आरोपियो से लूटे गये सोने चांदी के आभूषण एवं उक्त अपराध में प्रयुक्त लाल रंग की मोटर साईकिल के संबध मे पूछताछ करने पर अपने तीसरे साथी के पास होना बताया।

थाना तिघरा पुलिस द्वारा पकड़े गये दोनों आरोपियों को अप0क्र0 29/25 धारा 309(6) बीएनएस एवं 11/13 एमपीडीपीके एक्ट में विधिवत गिरफ्तार कर उनके क्षेत्र में हुई अन्य लूट की बारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। थाना तिघरा पुलिस द्वारा फरार आरोपी की तलाष में पुलिस टीमों को भी लगाया गया है।

**जप्त मषरूका:-** एक आरोपी से एक 315 बोर का देशी कट्टा, 05 जिंदा कारतूस तथा 02 की-पैड मोबाइल, एक लोहा काटने का बड़ा कटर, 03 पेचकस, एक एन्ड्रायड मोबाइल सेमसंग कम्पनी एवं 2500 रूपये नगद एवं अन्य सामान जप्त किये तथा दूसरे आरोपी एक 315 बोर का देशी कट्टा, 03 जिंदा कारतूस, ओप्पो कम्पनी का मोबाईल व एक मोबाइल चार्जर, तथा 2000 रूपये नगद एवं अन्य सामान जप्त किये।

**सराहनीय भूमिका:-** थाना प्रभारी तिघरा निरीक्षक शिव कुमार शर्मा, उनि. महेन्द्र सिंह कुशवाह, सउनि. फिरोज खान, आर. दीवन सिंह, आर. संजीव सिंह, आर. विमल सिंह, आर. शाहरूख की सराहनीय भूमिका रही।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद जौरा ने ग्राम मानपुर पृथ्वी एवं नाहरदौंकी में रैलियों का आयोजन किया




**मुरैना,कासं.।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद जौरा ने बुधवार को ग्राम मानपुर पृथ्वी एवं नाहरदौंकी में रैलियों का आयोजन किया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मुरैना के जिला समन्वयक श्री सतीश तोमर, जौरा ब्लॉक समन्वयक श्री बीडी शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में नवांकुर समिति से कैलाश शर्मा, विष्णु सिंह तोमर, अलकेश राठौर, जितेंद्र शर्मा, परीक्षित शर्मा, परामर्शदाता श्री प्रशांत शर्मा, पुष्पा राजपूत, सुघर सिंह राजपूत, दीवान सिंह राठौर, विजेंद्र सिंह राजपूत के सहयोग से रैली पूरे गांव में निकाली गई। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मानपुर पृथ्वी के सचिव अलकेश राठौर ने रैली के माध्यम से ग्रामीणों को बताया कि ग्रामीण इलाकों में सूखे की समस्या बढ़ती जा रही है। अगर हम समय पर नहीं जागे, तो आने वाली पीढ़ियों को पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ेगा। जल बचाना न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह पर्यावरण और जीवन को बचाने का एकमात्र उपाय भी है। हमें छोटे-छोटे कदम जैसे नल बंद रखना, बारिश के पानी को सहेजना और पानी का सही इस्तेमाल करके इसे बचाने की कोशिश करनी चाहिए। याद रखें, पानी बचाना यानी भविष्य बचाना। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नाहरदौंकी ने कहा कि जल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम इसे पीने, खाना बनाने, सफाई, खेती और उद्योगों में इस्तेमाल करते हैं। पौधों और जानवरों के जीवन के लिए भी जल बहुत जरूरी है। धरती पर हर जीव का अस्तित्व जल पर निर्भर करता है, जल है तो कल है।

# दलितो पर हो रहे अन्याय, अत्याचार को लेकर बसपा की विशाल रैली कल, राज्यसभा सांसद गौतम करेगें नेतृत्व




**मुरैना,कासं.।** जिले भर में दलितो पर हो रहे अन्याय, अत्याचार,जघन्य घटनाओं एवं केन्द्र व प्रदेश में काविज भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियो के खिलाफबहुजन समाज पार्टी कल 2 मई को सुबह 11 बजे विशाल रैली निकालकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपेगी, रैली का नेतृत्व पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम करेगें। उक्त आशय की जानकारी बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा प्रत्यासी रमेश चन्द्र गर्ग, प्रदेश अध्यक्ष इन्जी. रमाकांत पिप्पल,जिलाध्यक्ष इन्जी. दीपेन्द्र बौद्ध, सुमावली बसपा प्रत्यासी रहे कुलदीप सिकरवार ने सयुक्त प्रेस वार्ता जारी कर दी। प्रेस को सम्बोधित करते हुए श्री रमेशचन्द गर्ग ने कहा कि कुछ समय से जिले भर में आए दिन गोली चलना, गंभीर घटनाओ का होना आम बात हो गई है, जिससे जिले का आम नागरिक अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है, शहर में अमन शांति एवं आपराधिक घटनाओ पर अंकुश लगे इसके लिए पार्टी 2 मई को सुबह 11 बजे विशाल रैली निकाल कर महामहिम के नाम ज्ञापन सौपेगी, इस विशाल रैली का नेतृत्व पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम करेगें। सुमावली विधानसभा से बसपा प्रत्यासी रहे कुलदीप सिकरवार ने कहा कि बसपा हर वर्ग की आवाज उठाती आई और उठाती रहेगी, इस समय प्रशासन गहरी नींद में सो रहा है, जिसके कारण जिले में अपराधो का ग्राफ बढ रहा है। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष इन्जी. रमाकांत पिप्पल ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में देश-प्रदेश में अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगो पर अन्याय, अत्याचार बढे है, इस मामले में प्रदेश पहले नम्बर है। उन्होने कहा कि मुरैना जिले में दलित समाज के लोगों की मृत्यु होने पर उसे शमशान में जलने नही देते ऐसी ही घटना अभी हाल में घटित हुई है। जहॉ रावत समाज के लोगो ने दलित की अर्थी को जलने नही दिया। शादियो में दूल्हे को घोडी पर बैठकर नही निकलने देना तथा डीजे बजाने पर एक युवक की निर्मम हत्या करना सामंतवादी सोच को प्रदर्शित करता है। जबकि देश को आजाद हुई कई वर्ष हो गए इस आजाद देश में प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्र जीने व अपनी बात को रखने का हक अधिकार संविधान ने दिया है। लेकिन सामंतवादी लोग दलितो से लोग घृणा करते है और जब वारी वोट की आती है तो भाई चारा बना लेते है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संविधान आरक्षण के तहत पूरे देश सें 131 सांसद चुनकर संसद में जाते है। लेकिन वो भी अपने समाज, अपनी बहन-बेटियो की आवाज सदन में दबाव के कारण नही उठा पाते है। बसपा के एक मात्र राज्यसभा में रामजी गौतम जी सांसद है जो हर समय दलित, पिछडो की आवाज उठा कर उनके हक अधिकार की लडाई लडते है। पत्रकार वार्ता के दौरान बसपा के गंभीर सिंह नरवरिया, डॉ. विद्याराम कौशल, एड. भीमसेन पहाडिया, इन्जी. अमृतलाल टैंगोर, सुरेन्द्र शाक्य, विजय सोलंकी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

# भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव में बनेगा परशुराम धाम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## भगवान परशुराम जयंती पर महू में हुआ परशुराम प्रकटोत्सव


**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर जिले में महू के निकट जानापाव सनातन संस्कृति के सात चिरंजीवियों में से एक भगवान श्री परशुराम की जन्मस्थली है। भारत भूमि पर यह एक अद्वितीय स्थल है। जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा, भगवान परशुराम ने शस्त्र उठाए और अधर्मियों का समूल नाश कर दिया और सनातन संस्कृति की रक्षा की। उन्होंने सनातन समाज को निर्भय होकर जीने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भगवान परशुराम जयंती पर महू में परशुराम प्रकटोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भगवान श्री परशुराम की जन्मस्थली पर पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि जानापाव में परशुराम धाम विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री महिला बाल विकास मंत्रालय श्रीमती सावित्री ठाकुर, राज्यसभा सदस्य श्रीमती कविता पाटीदार, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, विधायक श्री गोलू शुक्ला सहित साधु-संत तथा बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम से लेकर श्रीकृष्ण के काल तक भगवान परशुराम के पराक्रम और उनके शस्त्रों की महत्ता दिखाई देती है। भगवान श्रीराम जब स्वयंवर में पहुंचे तो वहां उन्होंने भगवान परशुराम का धनुष तोड़ा। इसी प्रकार भगवान श्रीकृष्ण के काल में भगवान परशुराम के सुदर्शन चक्र की लीला देखने को मिली। उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपना प्रिय सुदर्शन चक्र भगवान श्रीकृष्ण को दिया था। भगवान परशुराम कौरव-पांडवों के गुरु द्रोणाचार्य के भी गुरु थे। उन्होंने निडर होकर धर्म की रक्षा का संदेश दिया ।



### धर्म और संस्कृति को पल्लवित कर रही प्रदेश सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत भूमि पर देवी-देवताओं की कृपा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्?द्र मोदी के नेतृत्व में देश लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र सरकार देश की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठा रही है। हमारी संस्कृति ÷जियो और जीने दो÷ पर आधारित है। प्रदेश में सनातन संस्कृति के विकास के लिए राज्य सरकार ने गीता भवनों के निर्माण का संकल्प लिया है। राज्य सरकार धर्म और संस्कृति को पुष्पित-पल्लवित करते हुए आगे बढ़ रही है। गरीब, अन्नदाता (किसान), युवा और नारी कल्याण के लिए 4 मिशन शुरू किए गए हैं। किसानों की समृद्धि के लिए प्रदेश में एक-एक खेत तक सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। मध्यप्रदेश में 2 वृहद नदी जोड़ो परियोजनाओं केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल की शुरुआत हो चुकी है। अब बुंदेलखंड, चंबल, निमाड़ और मालवा के कई जिलों के किसानों को पर्याप्त पानी मिलेगा।

# विधानसभा अध्यक्ष तोमर के पुत्र के विवाह में अनेक राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, राजनेताओं व फिल्मी हस्तियों ने शिरकत की







**जयपुर/ग्वालियर भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर एवं श्रीमती किरण सिंह के छोटे पुत्र प्रबल प्रताप सिंह तोमर "रघु" का विवाह एवं पाणिग्रहण संस्कार पारंपरिक ढंग से समारोह पूर्वक संपन्न हुआ. जयपुर में संपन्न इस विवाह समारोह में 3 राज्यों के राज्यपालगण सर्वश्री थावरचंद गेहलोत (कर्नाटक), हरीभाऊ बागड़े (राजस्थान), ओम माथुर (सिक्किम) एवं 4 राज्यों के मुख्यमंत्रीगण डाँ मोहन यादव (मध्यप्रदेश), भजन लाल शर्मा (राजस्थान), पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड), विष्णु देव सांय (छत्तीसगढ़) शामिल हुए, वर वधु को आशीर्वाद देने केन्द्रीय मंत्रीगण शिवराज सिंह चौहान, गजेन्द्र सिंह शेखावत, भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधराराजे, छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ,मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वी डी शर्मा, मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्रीगण राजेन्द्र शुक्ला, जगदीश देवड़ा, राजस्थान के उपमुख्यमंत्रीगण दीया कुमारी सिंह, प्रेमचंद बेरवा, सांसदगण दुष्यंतसिंह (झालावाड़), भारत सिंह कुशवाह (ग्वालियर), शिव मंगल सिंह तोमर (मुरैना) एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डाँ रमन सिंह सहित अनेक राज्यों के विधानसभा अध्यक्षों एवं मध्यप्रदेश मंत्रीमंडल के वरिष्ठ सदस्यों कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह, प्रहलादसिंह पटेल, ऐंदल सिंह कसाना, राकेश शुक्ला, विश्वास सारंग, राजस्थान सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों राज्यवर्धन सिंह सहित अनेक राजनेताओं ने वर वधु को आशीर्वाद दिया।

इस विवाह समारोह में बालीवुड के नामचीन कलाकार अरबाज खान, जैकलीन फर्नांडीज व प्रीति झांगियानी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी. विवाह समारोह में धार्मिक , सामाजिक ,सांस्कृतिक सहित विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां आशीर्वाद देने पहुंची।

## इन्दौर की प्रधान आरक्षक बबली खाखरे ने अन्तर्राष्ट्रीय योगासन स्पर्धा में जीता गोल्ड



**इन्दौर।** दिल्ली में आयोजित 2एनडी एशियन योगासन स्पोर्ट चैंपियनशिप 2025 में पुलिस कमिशनरेट की प्रधान आरक्षक बबली खाखरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आर्टिस्टिक योगासन श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में बबली खाखरे ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और गोल्ड मेडल जीतकर देश के साथ-साथ इंदौर पुलिस का भी गौरव बढ़ाया। बबली खाखरे की इस उपलब्धि पर इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने उन्हें बधाई देते उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कमिश्नर संतोष सिंह ने कहा कि बबली जैसी अधिकारी पुलिस विभाग के लिए प्रेरणा हैं।

# सागर जिले में आज आध्यात्मिक संस्कृति का हो रहा है सूर्योदय

**इस्कॉन की भूमिका वैश्विक है : मुख्यमंत्री**

### सागर में पर्यटन विकास की संभावनाओं को साकार करने के प्रयास

### मुख्यमंत्री ने सागर में 50 करोड़ की लागत से बन रहे इस्कॉन मंदिर की वर्चुअली रखी आधारशिला

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भूमि-पूजन कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया



**भोपाल।** भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के संदेश और भारतीय संस्कृति को इस्कॉन संस्था ने विश्वभर में फैलाया है। भारतीय संस्कृति के प्रसार में इस्कॉन की भूमिका वैश्विक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कलेक्ट्रेट, उज्जैन के एनआईसी कक्ष से सागर जिले के ग्राम मेनपानी में इस्कॉन मंदिर के भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड अंचल गोपाल कृष्ण के आदर्शों को मानने वाली भूमि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लगभग 50 करोड़ रूपये की लागत से सागर जिले के मेनपानी की पहाड़ियों में बनने वाले भव्य इस्कॉन मंदिर की वर्चुअली आधारशिला रखी। उज्जैन एनआईसी कक्ष में विधायक श्री अनिल जैन कालुहेड़ा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस्कॉन इंटरनेशनल ने भगवान श्रीकृष्ण के विचारों एवं आदर्शों को देश में और विदेशों में जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के मुखारविन्द से निकले प्रत्येक वचन को 18 अध्याय में संकलित किया गया है, जिसे हम ÷भगवत गीता÷ कहते है। इन्हें जनमानस तक पहुंचाने में इस्कॉन इंटरनेशनल की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर जिले में अक्षय तृतीया पर सनातन संस्कृति के सूर्य का उदय हो रहा है। बुंदेलखंड महावीरों की धरती है। ऐसे में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन के प्रसंग का अदभुत समन्वय बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि प्रदान करने वाले श्री विवेक यादव एवं उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार के साथ जब समाज सहयोगी बनता है तो असंभव माने जाने वाले कार्य भी संभव हो जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस प्रकल्प से जुड़े सभी सहयोगियों और क्षेत्रीय सांसद, मंत्रीगण, विधायकगण सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को भी इस्कॉन मंदिन के भूमि-पूजन कार्यक्रम के लिए बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज के दौर में संस्कारों की आवश्यकता है। संस्कारों से हमें सुख-शांति प्राप्त होती है और अपना जीवन भी सुखपूर्वक व्यतीत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के बाहर एवं भारत के अंदर इस्कॉन मंदिर की अनुयायी रहते हैं। अब सागरवासियों के साथ संपूर्ण बुंदेलखंड के लिए इस्कॉन मंदिर के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम धर्म को बढ़ावा देने के लिए इस्कॉन मंदिर परिवार का अभिनंदन करते हैं। खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि सागर में मंदिर बनने पर सागर के लोगों को रोजगार और पर्यटन के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि यह सागर के लिए गौरव की बात है कि हमारे यहां इस्कॉन मंदिर का निर्माण हो रहा है। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि इस्कॉन इंटरनेशनल के पूरे विश्व में अनुयायी है, जो अब सागर आएंगे। उन्होंने कहा कि इस्कॉन मंदिर ट्रस्ट धर्म के साथ-साथ समाज सेवा का कार्य भी करता है। सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने कहा कि इस्कॉन मंदिर के माध्यम से अब हमें भगवत गीता का संपूर्ण ज्ञान होगा। उन्होंने कहा कि इस भव्य एवं दिव्य मंदिर के बन जाने से सागर सहित संपूर्ण बुंदेलखंड का विकास होगा।




# अंधड़ में गिरा महापौर और निगम टीम का धन्यवाद होर्डिंग

## डर डर कर सिग्नल पार करते रहे राहगीर

**इन्दौर।** शहर में आज अचानक से मौसम के बदलाव के साथ चली धूलभरी आंधी में शहर के प्रमुख चौराहों पर लगें राहगीरों को छांव देने वाले शेड ने वाहन चालकों में घबराहट की स्थिति निर्मित कर दी। हालांकि इनकी गुणवत्ता और लगाने के तरीकों पर पहले भी कई सवालों के साथ विवाद शुरू हो गया था क्योंकि इन्हें राहगीरों की सुविधा के बजाय कंपनी के विज्ञापन डिस्प्ले के रूप में देखा जाते इनकी मजबूती पर शंका जताई जा रही थी। विवाद के बाद इन पर से कंपनी के विज्ञापन तो हटाकर कम कर दिए गए और उनकी जगह महापौर और नगर निगम टीम को धन्यवाद देते फ्लेक्स लगा दिए गए जिसमें थोड़ा कम पर कंपनी का नाम औरत विज्ञापन तो चलता ही रहा। आज शहर में चले अंधड़ ने इनकी मजबूती को भी दिखा दिया और बता दिया कि ये शहर के चौराहों पर से गुजरने वालों के लिए कितने खतरनाक है।

# वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग शिक्षकों की भूमिका पर विमर्श एवं सेवानिवृत्ति सम्मान

**" टीच वन, ईच वन" मुख्य वक्ता शिक्षाविद डॉ. सुरेश चंद शर्मा द्वारा कहा गया यह सारांश वर्तमान समय में योग शिक्षकों की भूमिका विषय का सार स्वरूप अमृत रहा**



**ग्वालियर,नसं।** यदि ज्ञान की समझ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच गई तो समाज समृद्ध और सुखद बनेगा एक स्वस्थ और समृद्ध समाज के लिए ज्ञान के इस यज्ञ में पूर्णाहुति देते हुए लगना होगा ।ज्ञान युक्त भक्ति से सेवा कार्य करने वाले ही महान व्यक्तित्व बनते हैं। मुख्य अतिथि हृषीकेश वशिष्ठ प्रांतीय सचिव प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ ने कहा कि जीवन का उद्देश्य निर्माण करने वाला और उस पथ पर चलने में मदद करने में वाला ही शिक्षक गुरू बन जाता है। व्यक्ति अपने मन और बुद्धि को आत्मा को समर्पित करें तो सफलता सुनिश्चित है।

धार्मिक पूजा के बराबर होता है किसी जरूरतमंद की सेवा

यह बात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी डॉ केशव पांडे ने कही। डॉ वेद प्रकाश मुद्गल की विदाई के समय में एक तरफ हर्ष तो दूसरी तरफ विषाद के क्षण चल रहे थे । उन्होंने कहा कि हम चाहें कितने भी व्रत, अनुष्ठान और पूजा ,प्रार्थना क्यों न करें , यदि आप की संतुष्टि किसी छोटे कार्य से हो जाए तो फिर वह पूजा, व्रत और स्वांतः सुखाय के समान ही है द्य अतिथि परिचय एवं स्वागत प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष मुन्ना सिंह परिहार द्वारा किया गया ।स्वागत गीत आदेश गुप्ता संरक्षक प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ द्वारा प्रस्तुत किया गया एवम डॉक्टर वेद प्रकाश मुदगल ( प्राध्यापक शासकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय ) ग्वालियर के सेवानिवृत्ति होने पर मुख्य अतिथि एवं समिति द्वारा शाल श्रीफल , चित्र भेंट किया।

मंच संचालन डॉ. रेखा श्रीवास्तव कार्यालय मंत्री ग्वालियर संभाग द्वारा किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित हेमंत त्रिवेदी जिला समन्वयक राज्य आनंद संस्थान ग्वालियर, आदेश कुमार द्विवेदी जिला कोषाध्यक्ष, अखिलेश पचौरी जिला सचिव जिला योग संघ ग्वालियर, नरेंद्र दांतरे योग प्रशिक्षक,रवि भदौरिया योग प्रशिक्षक, किरण देव वर्मा ,हिमांशु जी मुद्गल,पत्रकार गौरव शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे । मुकेश शर्मा, नीतू तोमर, राकेश जोशी, श्रीकांत मिश्रा, आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ के संभागीय सचिव श्री गोविंद मल्होत्रा द्वारा किया गया ।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योगगुरू बाबा रामदेव का किया स्वागत

**उज्जैन सांस्कृतिक राजधानी के रूप में हो रही है विकसित : स्वामी रामदेव**



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योगगुरू बाबा रामदेव का उज्जैन आगमन पर पुष्प गुच्छ के साथ शॉल, श्रीफल एवं भगवान श्री महाकाल की तस्वीर भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।बाबा रामदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विरासत मूलक विकास और संस्कृति के नए प्रतिमान प्रतिदिन गढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश धर्म भूमि भी है। मध्यप्रदेश में कृषि से लेकर उद्योग तक हर क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। अब तो मध्यप्रदेश धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्तर पर भी उन्नति कर रहा है।







स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।